जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 7 दिसम्बर, 2025

समय किसी का इंतजार नहीं करता...

COUNTDOWN BEGINS
25
DAYS LEFT



31 दिसम्बर को 10 लाख रेट बढ़ेगी

FIXED PRICE GUARANTEED

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट छोटी छोटी प्राइस में

NO MIDDLE-MEN

कोठी: सिर्फ ₹4700/Sq Ft

फ्लैट: सिर्फ ₹4000/Sq Ft

FIXED PRICE & RENTAL

PRODUCT TYPE	UNIT TYPE	SIZE	FIXED PRICE	PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION)
WALK-UP APARTMENT	2 BHK (GF)	1350 Sq Ft	65 LACS	22,000
	3 BHK (SF)	1900 Sq Ft	75 LACS	25,000
	3 BHK (FF)	1900 Sq Ft	80 LACS	28,000
KOTHI	3 BHK BIG	2000 Sq Ft	1.05 CRORE	30,000
	4 BHK BIGGER	2325 Sq Ft	1.10 CRORE	40,000
	4 BHK BIGGEST	3200 Sq Ft	1.50 CRORE	50,000

KEDIA सेजस्थान
KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

पजेशन: 31 दिसम्बर 2025 से शुरु

KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

विचार बिन्दु

संसार के दुःखियों में पहला दुःखी निर्धन है। उससे दुःखी वह है जिसे किसी का ऋण चुकाना हो। इन दोनों से अधिक दुःखी वह है, जो सदा रोगी रहता हो और सबसे दुःखी वह है, जिसकी पत्नी दुष्टा हो। –विदुरनीति

व्याधिक्षमत्व क्या है?

लगभग 5000 वर्ष पूर्व की बात है। भगवान आत्रेय के शिष्य अग्निवेश ने अपने गुरु से एक प्रश्न किया:– भगवन! देखने में आता है कि हितकारी आहार का उपयोग करते हुये भी कुछ लोग रोगी हो जाते हैं, जबकि अहितकारी आहार लेते हुये भी कुछ लोग निरोगी देखे जाते हैं। ऐसी स्थिति में क्या अच्छा है और क्या बुरा, इसकी पहचान कैसे की जाये? इस प्रश्न का जो उत्तर आत्रेय ने दिया, वह आज भी यथावत विज्ञान-संगत है। आत्रेय का उत्तर था:– अग्निवेश! हितकारी आहार करने वाले लोगों में आहार के कारण होने वाले रोग उत्पन्न नहीं होते और हितकारी आहार लेने मात्र से समस्त रोगों का भय दूर नहीं हो जाता। हानिकारक भोजन के अलावा भी रोगों के तमाम कारण, जैसे ऋतुओं का विपरीत होना, प्रज्ञापराध या जानबूझकर गलती करना, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गंध का अतियोग, मिथ्या योग एवं विषम योग आदि ऐसे कारण हैं जो उचित भोजन लेने के बावजूद भी मनुष्य को बीमार कर देते हैं। इसीलिये हितकारी आहार लेने वाले रोगी हो जाते देखे जाते हैं। हानिकारक आहार का उपयोग करने वालों में पथ्य, आहार, व शरीर की स्थिति में भिन्नता होने से हानिकारक आहार तुरन्त हानि नहीं पहुंचा पाते। सभी अपथ्य बराबर दोष वाले नहीं होते, न ही सभी दोष बराबर बलवान होते, और न सभी शरीर व्याधिक्षमत्व या रोग प्रतिरोधक क्षमता से संपन्न होते (न च सर्वाणि शरीराणि व्याधिक्षमत्वे समर्थानि भवन्ति। च.सू.28.7)। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि एक ही अपथ्य आहार जगह, समय, संयोग, वीर्य, व मात्रा की भिन्नता के कारण या ज्यादा खा लेने से और अधिक अपथ्य हो जाता है। वही दोष विविध कारणों से, विरुद्ध चिकित्सा वाला, धातुओं में पहुंचा हुआ, शरीर के प्राणायतनों में उत्पन्न, मर्म पर चोट करने वाला, अत्यंत कष्टदायी अतिशय जल्दी रोगों को उत्पन्न करने वाला होता है। अंत में आत्रेय यह भी बताते हैं कि मूल रूप से शरीर की बनावट भी नैसर्गिक व्याधिक्षमत्व पर प्रभाव डालती है। बहुत मोटे या बहुत दुबले लोग, रक्त, मांस, व अस्थियों के सुसंगठित न होने के कारण बेडौल शरीर वाले लोग, दुर्बल, अल्पसत्त्व या कमजोर मनोबल वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता नहीं होती। जबकि इनके उलट लक्षणों वाले लोगों में रोगों को सहने की क्षमता होती है। इन अपथ्य आहारों, दोषों व शरीर की भिन्नता के कारण बीमारियाँ भी कम या ज्यादा, जल्दी या देर से उत्पन्न होती हैं।

अब आपको यह स्पष्ट हो गया होगा कि क्यों कुछ लोग प्राय: कभी बीमार नहीं पड़ते। ऐसे अनेक उदाहरण हैं जिनमें जीवन के अंतिम दिन तक लगभग सभी क्लिनिकल पैरामीटर्स सामान्य बने रहते हैं। जैसा कि आपने पूर्व में पढा, वस्तुत: इस चमत्कार के पीछे कोई चमत्कार नहीं बल्कि व्याधिक्षमत्व है। प्राचीन भारत के महर्षि-वैज्ञानिक आचार्य चरक व्याधिक्षमत्व सिद्धांत-प्रिन्सिपल ऑफ़ इम्यूनिटी-के जनक माने जाते हैं।

जिस व्यक्ति का सहज (इनेट) या युक्तिकृत (डेराइव्ड) व्याधिक्षमत्व मज़बूत है वह मुश्किल से ही बीमार पडता है। यदि बीमार पड भी जाये तो बीमारी अपना बल मुश्किल से ही दिखा पाती है। व्याधिक्षमत्व में दो शब्द निहित हैं, व्याधि एवं क्षमत्व।व्याधि का तात्पर्य शरीर की धातुओं (रस, रक्त, मांस, मेदा, अस्थि, मज्जा, शुक्र) में विषमता उत्पन्न होना है। क्षमत्व से तात्पर्य इस विषमता को न होने देने की क्षमता है। मानसिक बीमारियों के सन्दर्भ में सत्त्व गुण जितना अधिक होगा, व्याधिक्षमत्व उतना ही बेहतर होगा। शरीर में सहज व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में यह बात महत्वपूर्ण है कि शरीर में दुरुस्त मांसपेशियों, संरचना, स्वरुप व मज़बूत इन्द्रियों वाला व्यक्ति रोगों के बल से कभी प्रभावित नहीं होता। भूख, प्यास, ठंडी, गर्मी, व्यायाम को ठीक से सहन करने वाला, सम अग्नि वाला, बुढ़ापे की उम्र में ही बूढ़ा होने वाला, मांसपेशियों के सही चय वाला व्यक्ति ही स्वस्थ है (च.सू.21.18): सममांसप्रमाणस्तुसमसंहननोनर:। दृढेन्द्रियोविकाराणां न बलेनाभिभूयते।। क्षुत्पिपासातपसह: शीतव्यायामसंसह:। समपक्तासमजर: सममांसचयोमत:।।

आधुनिक वैज्ञानिक संदर्भ में व्याधिक्षमत्व को इम्यूनिटी कहा जाता है। यह प्रतिरक्षा तंत्र संक्रमण, बीमारी या अन्य अवांछित तत्वों के आक्रमण से बचने के लिये शरीर को सुरक्षा प्रदान करता है। किसी व्यक्ति में व्याधिक्षमत्व में कमी होने से शरीर इम्यूनो-कॉम्प्रोमाइज्ड स्थिति में आ जाता है। ऐसी स्थिति में शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम होने से रोगजनन आसानी से होता है। इम्यूनिटी किसी व्यक्ति के शरीर में विशिष्ट एन्टीबॉडी या श्वेतरक्त कौशिकाओं की क्रिया से किसी विशेष संक्रमण, विषाक्त पदार्थ या हानिकारी जीवन-शैली से होने वाले रोगों का प्रतिरोध करने की क्षमता के रूप में समझा जाता है।

तात्पर्य यह है कि व्याधिबल की विरोधिता व व्याधि की उत्पत्ति में प्रतिबंधक होना व्याधिक्षमत्व है। अभिप्राय यह है कि शरीर में उत्पन्न बीमारी केबल या तीक्ष्णता को रोकने और बीमारी की उत्पत्ति को रोकने वाली क्षमता को व्याधिक्षमत्व कहा जाता है। व्याधिक्षमत्व को बल, ओज और प्राकृत श्लेष्मा के रूप में भी जाना जाता है। बल वह शक्ति है जिसके द्वारा शरीर विभिन्न चेष्टाओं से कार्य संपन्न करता है। इस कार्योत्पादक शक्ति को व्यायाम-शक्ति से जाना देखा जाता है। बल तीन प्रकार के होते हैं। सहज बल शरीर और मन पर आधारित होता है। उम्र के साथ शरीर की वृद्धि से प्राप्त बल को कालज बल कहा जाता है। खान-पान, जीवन-शैली और व्यायाम आदि की युक्ति से प्राप्त बल को युक्तिकृत बल कहा जाता है। रोग से रक्षा करने वाले को बल कहा जाता है।

व्याधिक्षमत्व को परिभाषित करते हुये चरकसंहिता के दिग्गज टीकाकार आचार्य चक्रपाणि ने लगभग 900 साल पहले लिखा (च.सू. 28.7 पर चक्रपाणि): व्याधिक्षमत्वं व्याधिबलविरोधित्वं व्याध्युत्पादप्रतिबन्धकत्वमिति यावत्। तात्पर्य यह है कि व्याधिबल की विरोधिता व व्याधि की उत्पत्ति में प्रतिबंधक होना व्याधिक्षमत्व है। अभिप्राय यह है कि शरीर में उत्पन्न बीमारी केबल या तीक्ष्णता को रोकने और बीमारी की उत्पत्ति को रोकने वाली क्षमता को व्याधिक्षमत्व कहा जाता है।

व्याधिक्षमत्व को बल, ओज और प्राकृत श्लेष्मा के रूप में भी जाना जाता है। बल वह शक्ति है जिसके द्वारा शरीर विभिन्न चेष्टाओं से कार्य संपन्न करता है। इस कार्योत्पादक शक्ति को व्यायाम-शक्ति से जाना देखा जाता है। बल के तीन प्रकार हैं (च.सू.11.36): त्रिविधंबलमिति- सहजं, कालजं, युक्तिकृतं च। सहजंयच्छरीरसत्त्वयो: प्राकृतं, कालकृतमृतुविभागजंवय: कृतं च, युक्तिकृतंपुनस्तद्यदाहारचेष्टायोगजम्। बल तीन प्रकार के होते हैं। सहज बल शरीर और मन पर आधारित होता है। उम्र के साथ शरीर की वृद्धि से प्राप्त बल को कालज बल कहा जाता है। खान-पान, जीवन-शैली और व्यायाम आदि की युक्ति से प्राप्त बल को युक्तिकृत बल कहा जाता है। रोग से रक्षा करने वाले को बल कहा जाता है। व्याधिक्षमत्व को ओज और ओज को बल के रूप में भी समझा जाता है (सु.सू.15.19) रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां यत् परं तेजस्तत् खल्वोजस्तदेव बलमित्युच्यतेस्व शास्त्रसिद्धान्तात्। रसादिक तथा शुक्रान्त धातुओं के उत्कृष्ट सार भाग को ओज कहते हैं तथा आयुर्वेद के अनुसार उसी का दूसरा नाम बल है। यही बल व्याधियों से शरीर की रक्षा करता है। यहाँ एक बात समझना आवश्यक है ओज और बल हालाँकि एक कहे गये हैं किन्तु ओज को कारण और बल को कार्य माना जाता है। ओज का रूप, रस और वर्ण होने से द्रव्य है जबकि बल इसका कार्य है। यहाँ व्याधिक्षमत्व के सन्दर्भ में बल (कार्य) और कारण (ओज) को एक मान लिया जाता है। इसी सन्दर्भ में प्राकृत कफ को बल या व्याधिक्षमत्व का कारण माना जाता है (च.सू.17.117): प्राकृतस्तुबलं श्लेष्मा विकृतो मल उच्यते।स चैवौज: स्मृत:काये स च पाप्मोपदिश्यते।। यही कारण है कि कफज प्रकृति में उत्तम बल, पित्तज प्रकृति के व्यक्तियों में मध्यम बल तथा वातज प्रकृति के व्यक्तियों में अवर बल होता है।

इस प्रकार व्याधिक्षमत्व का तात्पर्य व्याधि-बल का विरोध शरीरगत बल द्वारा किया जाता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले विभिन्न भावों को दशविधि रोगी परीक्षा के भावों में भी देखा जाता है। उदहारण के लिये व्यक्ति की मूल प्रकृति का बल से सीधा सम्बन्ध होता है। सबसे उत्तम सम प्रकृति (वात-पित्त-कफज) है, परन्तु किसी जनसंख्या में समप्रकृति वाले बहुत कम होते हैं। अत: व्यवहार में कफ प्रकृति वालों को बेहतर बल वाला माना जाता है। इसके साथ ही सार भी बल को प्रभावित करता है। सारयुक्त से तात्पर्य यह है कि व्यक्ति में साररूप धातुओं का नियमित निर्माण होता है। सार धातुओं के सम्यक प्रकार से उत्पन्न होते रहने पर शरीर में व्याधिक्षमत्व बढ़िया बना रहता है। जैसा कि पूर्व में चर्चा की गयी है, बल का मुख्य कारक ओज है जो सभी धातुओं का सार है। साररूप में यह सभी धातुओं में व्याप्त होकर धातुओं की रक्षा करता है। व्याधिक्षमत्व को प्रभावित करने वाले अन्य भावों में सात्म्य, सत्त्व, अग्नि, शारीरिक-शक्ति व वय हैं। अग्निबल को आहार करने की क्षमता से परखा जा सकता है। आहार-शक्ति (आहार की मात्रा) अग्निबल पर आश्रित है। यदि व्यक्ति की आहार शक्ति मज़बूत है तो भोजन का पाचन और धातुओं की पुष्टि यथोचित होने से शरीर मज़बूत रहता है। व्यायाम-शक्ति या शारीरिक रूप से श्रम करने की शक्ति भी बल का संकेतक है। व्यक्ति की वय या उम्र का भी बल से संबंध होता है। युवावस्था में उत्तम बल और जरा या बुढ़ापा आने पर बल कम रहता है।

व्याधिक्षमत्व का रोगों से बचाव और उपचार में अनिवार्यता को देखते हुये यह प्रश्न स्वाभाविक है कि व्याधिक्षमत्व को बढ़ाने के लिये कौन सी युक्ति का क्रियान्वयन किया जाये? व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये बल व ओज की वृद्धि में सहायक द्रव्यों और क्रियाओं का इस प्रकार युक्तिपूर्वक नियमित सेवन करना चाहिये, जिससे व्याधिक्षमत्व का संरक्षण व वृद्धि हो किन्तु प्रकृति, अग्नि, धातुओं व मलक्रिया का समत्व तथा आत्मा, इन्द्रियों व मन की प्रसन्नता यथावत बनी रहे। यह विषय इतना विस्तृत है कि पूरा आयुर्वेद इसमें समाहित है। तथापि संक्षेप में व्याधिक्षमत्व बढ़ाने के लिये सात रक्षा-दीवारों की निरंतर और सम्यक सार-सम्हाल करना आवश्यक है। इनमें (1) आहार या खानपान, (2) विहार या जीवनशैली, (3) स्वस्थवृत्त या व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषयक क्रियायें, (4) सद्वृत्त या व्यक्तिगत सदाचरण, (5) पंचकर्म या शारीरिक विषाक्तता को बाहर करने के लिये आयुर्वेद की पांच प्रक्रियायें, (6) रसायन या उम्र-आधारित रोगजनन को रोकने हेतु कायाकल्प उपाय, और अंतत: (7) औषधि या चिकित्सा शामिल हैं।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ. दीप नारायण पाण्डेय,
(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर)
(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)

"प्रवासी राजस्थानी दिवस" - जड़ों से जुड़ाव का अवसर

डॉ. सुबोध अग्रवाल

प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन देश-दुनिया में बसे राजस्थानियों के जड़ों से जुड़ाव का बेहतरीन अवसर है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रति वर्ष प्रवासी राजस्थानी दिवस आयोजित करने का निर्णय इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाता है कि राजस्थानियों को देश-दुनिया में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाते हुए देखा जा सकता है। 10 दिसंबर को जयपुर में आयोजित प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन इसलिए भी अर्थवान हो जाता है कि राजस्थानियों या यों कहें कि मारवाड़ियों की देश दुनिया में आज ही नहीं अपितु सदियों से विशिष्ट पहचान रही है।

दूसरा यह कि प्रवासी राजस्थानियों की एक खास बात यह है कि उनका अपनी जन्मभूमि के प्रति लगाव हमेशा से ही रहा है। साल में एक बार परिवार के साथ वे अपने पारिवारिक देवताओं को ढ़ोकने अवश्य आते हैं तो अपने गांव-ढ़ाणी के लिए कुछ करने के लिए हमेशा तत्पर रहते आये हैं। पिलानी का तकनीकी संस्थान इसका जीता-जागता उदाहरण है।

शिक्षण संस्थान, चिकित्सालय, धर्मशालाएं और इसी तरह के विकास कार्यों में अपने पूर्वजों के नाम पर कुछ ना कुछ करने की भावना प्रवासी राजस्थानियों में सदियों से रही है। इससे एक बात साफ हो जानी चाहिए कि राजस्थानियों ने अपनी या अपने पूर्वजों की जन्मभूमि से हमेशा से जुड़ाव बनाये रखा है। शेखावटियों के गांवों में इसे आसानी से देखा जा सकता है। अब बदलाव इस मायने में देखा जाना चाहिए कि प्रवासी राजस्थानियों को अपनी जन्मभूमि में भी उद्योग स्थापित करने का आमंत्रण दिया जा रहा है।

राजस्थान में औद्योगिक निवेश से अपने प्रदेश के आर्थिक विकास में भागीदार बनने के साथ ही रोजगार, कौशल विकास और इसी तरह की अन्य आर्थिक-सामाजिक सहभागिता बढ़ने से पीढ़ियों पहले राजस्थान से बाहर गए प्रवासियों को राजस्थान में ही औद्योगिक निवेश का बेहतर अवसर उपलब्ध हो पा रहा है। आज देश दुनिया के लोग यहां तक कि जापानी जोन में जापान के निवेशक सफलतापूर्वक उद्योगों का संचालन कर रहे हैं तो प्रवासी राजस्थानियों को तो राजस्थान से जुड़ने का इससे बेहतर अवसर और क्या हो सकता है। राज्य सरकार ने औद्योगिक निवेश को लेकर नई उद्योग नीति, राजस्थान निवेश नीति सहित अनेक नीतियां जारी कर निवेशकोन्मुखी माहौल तैयार किया है। यह इसी से समझा जा सकता है कि राइजिंग राजस्थान दिसंबर 2024 में आयोजित किया गया तो उसमें 30 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षरित हुए और अब तेजी से ग्राउण्ड ब्रेकिंग हो रही है।

कुछ जड़ें कभी खत्म नहीं होतीं- वे बस अपने लोगों का घर लौटने के बहाने का इंतजार करती हैं। चाहे वे अपने जन्म के रेगिस्तानी गाँवों में रहते हों या राजस्थान की भावना को देश के अन्य प्रदेशों या दूर देशों में ले गए हों। राजस्थान की कहानी लिखने में सदियों से ही प्रवासी राजस्थानियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 10 दिसंबर को जयपुर में प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाना उस बड़े परिवार से जुड़ने का अवसर हैं जिसने बिना किसी आहट के राजस्थान के विकास को शक्ति दी है - उसका डायस्पोरा।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में, यह भावनात्मक बंधन अब एक रचनात्मक आंदोलन में बदल गया है। देश-विदेश में होने वाले रोड शो के माध्यम से संदेश साफ दिया गया है कि दुनिया में कहीं भी रहने वाला हर राजस्थानी, राजस्थान का है। आज, राजस्थान ने घरेलू और वैश्विक दोनों डायस्पोरा को समान सम्मान देकर, उन्हें राज्य के विकास के विजन में भागीदार बनाने के सार्थक और सकारात्मक प्रयास होने जा रहे हैं।

यह सिर्फ एक आउटरीच प्रयास से कहीं ज्यादा है। यह उद्देश्य की घर वापसी है। कई लोग जो कभी अवसरों की तलाश में राजस्थान छोड़कर गए थे, अब अवसर पैदा करने के लिए वापस लौटना चाहते हैं। वे विचार, निवेश, नवाचार और गौरव लाते हैं - एक शक्तिशाली मिश्रण जो समुदायों को बदल सकता है। अगर यह भावना मजबूत होती है, तो 10 दिसंबर को एक दिन उस पल के रूप में याद किया जा सकता है जब राजस्थान की वैश्विक पहचान फिर से पूरी हो गई। क्योंकि कुछ यात्राएं वहीं खत्म नहीं होतीं जहां से वे शुरू होती हैं - वे और भी समृद्ध होकर वापसी करती हैं।

शासन की यह भावना - नीति। लोग। प्रगति। - सभी क्षेत्रों में दिखाई देती है। इसका एक शक्तिशाली उदाहरण राजस्थान की ऊँट विरासत का पुनरुद्धार है। 11 साल बाद, राज्य ने ऊँटों के अंतर-राज्य परिवहन पर से प्रतिबंध हटा दिया है, यह कदम ठीक समय पर उठाया गया क्योंकि 1992 में ऊँटों की आबादी 7.5 लाख से घटकर आज लगभग 1 लाख रह गई है। जिसका मकसद सुरक्षा था, उसने लगभग व्यापार को खत्म कर दिया, कीमतें गिरा दीं, और पालने वालों की आजीविका की श्रृंखला तोड़ दी। ऊँट, हमारा राज्य पशु, सिर्फ गौरव का प्रतीक नहीं है - यह लचीलेपन, रेगिस्तानी संस्कृति और पुष्कर की आत्मा का प्रतीक है। बैन हटाने से, सरकार ने पारंपरिक बाजारों को फिर से जिंदा करने, ऊंट पर आधारित टूरिज्म को बढ़ावा देने और ऊंटनी के दूध जैसे डेयरी इनोवेशन को सपोर्ट करने का रास्ता खोल दिया है, जिसकी कीमत अब 80-100 प्रति लीटर है और यह ग्लोबल मार्केट में भी पहुँच रहा है।

राजस्थान का सबसे मशहूर मेला, पुष्कर, बस कुछ ही हफ्ते दूर है। इसके शानदार रेत के टीले, लोक गीत और खूबसूरती से सजे ऊंटों ने हमेशा दुनिया को मोहित किया है। फिर भी, हाल के सालों में घोड़ों की संख्या ऊंटों से ज्यादा हो गई है - जो रेगिस्तान की विरासत के इस उत्सव के लिए एक चिंताजनक संकेत है। इसे फिर से जिंदा करने के लिए सिर्फ पॉलिसी बदलने से ज्यादा कुछ करना होगा - सस्टेनेबल मार्केट, राइका और रेबारी चरवाहों का वेलफेयर, और ऊंट उत्पादों और कल्चरल टूरिज्म को ज्यादा बढ़ावा देना होगा। सोच-समझकर उठाए गए कदमों से, पुष्कर आने वाली पीढ़ियों के लिए यादगार बना रह सकता है।

यही बदलाव राजस्थान के पश्चिमी रेगिस्तानों में भी दिख रहा है। जिन जगहों को कभी बंजर माना जाता था, वे आज भारत की कृषि सफलता में भरपूर योगदान दे रही हैं। जीरा अब 5.5 लाख हेक्टेयर से ज्यादा भूमि पर उपजाया जा रहा है, जिससे राजस्थान भारत के कुल उत्पादन का लगभग आधा हिस्सा पैदा करता है। अनार, जिसकी रेगिस्तानी मिट्टी में खेती करना कभी सोचा भी नहीं जा सकता था, वह अब सालाना 1.6 लाख टन की सफलता की कहानी बन गया है, जिससे बाड़मेर के 8,000 से ज्यादा हेक्टेयर जमीन हरे-भरे बागों में बदल गई है। इसबगोल (इसबगोल की भूसी) धीरे-धीरे एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग वाली फसल बन गई है क्योंकि यह खारे हालात में भी अच्छी तरह उग सकती है। और शायद इन सब में सबसे ज्यादा प्रेरणादायक है - जैतून की खेती, जिसे ग्लोबल पार्टनरशिप के साथ शुरू किया गया था, अब 5,000 से ज्यादा हेक्टेयर के विजन की ओर बढ़ रही है और इसने भारत का पहला घरेलू जैतून का तेल भी बनाया है।

इन कहानियों को जो चीज एक साथ जोड़ती है, वह सिर्फ तरक्की नहीं, बल्कि गर्व है। यह विश्वास है कि राजस्थान अपनी विरासत की रक्षा करते हुए अपने भविष्य को आकार दे सकता है। यह भरोसा है कि जब किसान और सरकार इनोवेशन और सपोर्ट के साथ एक साथ खड़े होते हैं तो रेगिस्तान भी खिल सकते हैं। और यह पक्का यकीन है कि राजस्थान के लोग, चाहे वे कितनी भी दूर चले जाएं, हमेशा इसकी आगे की यात्रा का हिस्सा बने रहेंगे।

जब हम 10 दिसंबर को अपने डायस्पोरा का स्वागत करने के लिए अपनी बाहें खोलते हैं, तो हम उन्हें सिर्फ जश्न मनाने के लिए नहीं बुला रहे हैं - हम उन्हें कल के राजस्थान को मिलकर बनाने के लिए बुला रहे हैं। एक ऐसा राजस्थान जो अपने अतीत का सम्मान करता है, अपने वर्तमान का निर्माण करता है, और अपने ग्लोबल परिवार की ताकत से अपने भविष्य के सपने देखता है। क्योंकि राजस्थान सिर्फ एक भौगोलिक स्थान नहीं है - यह एक जुड़ाव है। एक ऐसा रिश्ता जो दिलों में रहता है, यादों में बसता है और तरक्की बनकर घर लौटता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की यह सकारात्मक पहल निश्चित रुप से राजस्थान के विकास में प्रवासी राजस्थानियों की सहभागिता बढ़ाने में सहायक है।

-डॉ. सुबोध अग्रवाल,
(आईएएस)
अतिरिक्त मुख्य सचिव,
राजस्थान सरकार

सांभर की पुरानी बसावट का 103 साल पुराना रिकॉर्ड आठ साल से गायब

इस रिकॉर्ड में तत्कालीन बसावट के मानचित्र तक मौजूद हैं, इसे "1940 से पूर्व संधारित खसरा मौजा आबादी रजिस्टर" बोला जाता था

सांभरझील, (निसं)। सांभर नगर पालिका में ब्रिटिशकाल का करीब 103 साल पुराना महत्वपूर्ण रिकॉर्ड करीब आठ साल से गायब है। इस रिकॉर्ड में तत्कालीन बसावट के मानचित्र तक मौजूद हैं। मकानों की पूरी नापचौक तो दर्ज है ही, साथ ही इस रिकार्ड को खंगालने पर पता चल सकता है कि किसकी चबूतरी कितनी है यानी एक-एक इंच तक का हिसाब तत्कालीन बसावट के समय का अंकित है, जिसमें रिकॉर्ड दर्ज है उसे "1940 से पूर्व संधारित खसरा मौजा आबादी रजिस्टर" बोला जाता था। सांभर की एक शख्सियत की ओर से वर्ष 2014 में इसका प्रमाणित रिकॉर्ड लिया गया था। वर्ष 2018 के बाद से बताया जा रहा है कि अब यह रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। कहां गायब हो गया है या जानबूझकर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। नकल प्राप्तकर्ता की ओर से इस महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को लेकर चिंता तो जाहिर की है साथ ही अंदेशा भी जताया है कि कहीं उसे तानाशाही पूर्ण पूर्ण तरीके से डेस्ट्रॉय नहीं कर दिया जाए। यदि इस रिकॉर्ड को गायब कर दिया गया तो पुरानी बसावट में बसी आबादी के बाशिंदों को पता ही नहीं चलेगा कि वह उसकी वास्तविक सीमा कहां तक है। इससे भविष्य में ऐसे लोगों को कई कानूनी प्रक्रियाओं से जूझना पड़ सकता है। बताया जा रहा है कि वर्ष 1922 से ब्रिटिश गवर्नमेंट के समय सांभर म्युनिसिपालिटी का पहला चेयरमैन बना था। यहां पर सांभर शामलात म्युनिसिपालिटी एक्ट 1947 उस समय प्रभावी था। नगर पालिका का पुराना भवन जिस पर अभी ताले लटके हैं तथा नई बिल्डिंग में शिफ्ट होने के बाद से इसे वीरान छोड़ दिया गया है। इस पुरानी बिल्डिंग में आजादी से पहले का महत्वपूर्ण रिकॉर्ड है, जिसकी कोई सार संभाल व देखरेख नहीं की जा रही है।

- **इसमें मकानों की पूरी नापचौक तो दर्ज है ही, साथ ही इस रिकार्ड को खंगालने पर पता चल सकता है कि किसकी चबूतरी कितनी है**
- **वर्ष 2018 के बाद से बताया जा रहा है कि अब यह रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, कहां गायब हो गया है या जानबूझकर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है**



सांभर पालिका के पुराने भवन पर ताले लटके होने से पुराने रिकॉर्ड की सार-संभाल नहीं की जा रही है।

सीकर में पारा 1.2 डिग्री दर्ज

सीकर, (निसं)। शेखावाटी इलाके में कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। प्रदेश में सबसे ठंडा इलाका फिलहाल शेखावाटी है। सीकर में शुनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री दर्ज किया गया था। आगामी 3 दिन तक सर्दी का यही क्रम बना रहेगा। फसलों पर बर्फ जमने लगी है, जिससे किसान सुबह-सुबह ट्यूबवेल से पानी के फव्वारे छिड़ककर फसलों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

जानकारी के अनुसार सीकर सहित पूरे शेखावाटी इलाके में न्यूनतम तापमान लगातार नीचे जा रहा है। पिछले 36 घंटों से सीकर में तापमान जमाव बिंदु के करीब ही टिका हुआ है। फतेहपुर के कृषि अनुसंधान केंद्र में आज सुबह 1.2 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। शुक्रवार को यह 1 डिग्री न्यूनतम और 24.5 डिग्री अधिकतम रहा। पिछले 5 दिन से सीकर में लगातार तेज सर्दी बनी हुई है। मौसम साफ होने की वजह से चार दिन पहले हुई मावठ के बाद सर्दी और तेज हो गई है। गांवों में लोग ठंड से कांप रहे हैं। मौसम विभाग ने फिलहाल शीतलहर का कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। बीती रात ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाई और दिन में भी सर्दी का असर महसूस हुआ। विभाग के मुताबिक, सीकर में अगले एक हफ्ते तक सूखी और कड़ाके की सर्दी रहेगी। तीन दिन बाद मौसम में कुछ बदलाव आ सकता है। वहीं, प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में अगला एक हफ्ता मौसम शुष्क रहेगा।

- **आगामी तीन दिन तक सर्दी का यही क्रम बना रहेगा, फसलों पर बर्फ जमने लगी**

राशिफल रविवार 7 दिसम्बर, 2025

पंडित अनिल शर्मा

पौष मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, पुनर्वसु नक्षत्र रात्रि 4:12 तक, शुक्ल योग रात्रि 8:07 तक, वणिज करण प्रात: 7:55 तक, चन्द्रमा रात्रि 10:38 से कर्क राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थिति: सूर्य-वृश्चिक, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-वृश्चिक, बुध-वृश्चिक, गुरू-मिथुन, शुक्र-वृश्चिक, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

आज रवियोग रात्रि 4:12 से सूर्योदय तक है। सर्वार्थ सिद्धि योग रात्रि 4:12 से आरम्भ होगा। भद्रा प्रात: 7:55 से रात्रि 6:25 तक रहेगी। आज मंगल धनु राशि में रात्रि 8:17 पर प्रवेश करेगा। आज चतुरथी व्रत, सौभाग्य सुंदरी व्रत है।

श्रेष्ठ चौघड़िया: चर 8:25 से 9:43 तक, लाभ-अमृत 9:43 से 12:18 तक, शुभ 1:36 से 2:54 तक।

राहूकाल: 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 7:07, सूर्यास्त 5:29 तक

मेष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। आज नये-पुराने मित्रों से संपर्क हो सकता है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

वृष
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

मिथुन
व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

कर्क
व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आज अनगर्ल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

सिंह
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। अटके हुए कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में मनोरंजन का माहौल रहेगा।

कन्या
अपने आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

तुला
आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

वृश्चिक
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ-मांगलिक कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

धनु
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

मकर
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। आज विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।

कुंभ
आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

मीन
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 126 प्रभात जयपुर, रविवार 7 दिसम्बर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

120 Bahadur, Paltan Legends Of Indian Courage

J. P. Dutta once told Col Bishan Singh, "Kahaniyan hum nahi banate, Colonel saab… aap log banate hain. Hum sirf unki awaaz ko buland karte hain."

A Respect Deserved

This day, 104 Tuskegee Airmen Arrested for Defying Segregation in the U.S. Army Air Corps

'इंडिगो एयरलाइन्स को अडानी ग्रुप को सौंपने की तैयारी में वर्तमान संकट उत्पन्न करवाया गया है'

विपक्ष द्वारा सरकार पर यह गंभीर आरोप लगाया जा रहा है

-जाल खंबाता -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसंबर। देश भर में इंडिगो की उड़ानों में जो भारी गतिरोध उभरा है, वह हाल के समय में एक बड़ा विमानन संकट बन गया है, लेकिन जो बात सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित करती है, वह है जिम्मेदारी का पूरी तरह से अभाव। हजारों यात्री हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं और आखिरी समय में फ्लाइट कैंसल करना यात्रियों की जेब पर भारी पड़ रहा है, न तो सरकार, न एयरलाइन और न ही नियामक संस्था ने इस संकट की जिम्मेदारी लेने की ओर कदम उठाया है।

इंडिगो, जो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है और घरेलू यातायात का लगभग 60 प्रतिशत भार संभालती है, ने "संचालन संबंधी चुनौतियों" का हवाला देते हुए सामान्य बयान जारी किए हैं, लेकिन इन व्याख्याओं ने नुकसान के पैमाने को हल करने में बहुत कम मदद की है।

वहीं, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने चुप्पी साध रखी है और स्पष्ट रूप से यह नहीं बताया है कि यात्रियों को देरी, फिर से बुकिंग और आपातकालीन यात्रा खर्चों के कारण हुए वित्तीय नुकसान का मुआवजा कौन देगा।

- **विपक्ष के अनुसार, अचानक तकनीकी खामियाँ उभर आईं, पायलैट्स की कमी उत्पन्न हो गई तथा शैड्यूल ब्रेकडाउन हो गए तथा इस फेलियर की जवाबदेही लेने को कोई अभी तक तैयार नहीं है, न तो एयरलाइन्स, न सरकार और और न ही रेग्युलेटर।**
- **विपक्ष का आगे यह तर्क है कि अडानी ग्रुप ने अपना शिकंजा एयरपोर्ट, प्रशिक्षण सुविधाओं व एविएशन सर्विस सैक्टर पर पहले ही फैला दिया है। अब वो इंडिगो एयरलाइन्स का टेक ओवर करने को तैयार है और यह वर्तमान संकट इंडिगो एयरलाइन्स में सुनियोजित तरीके से करवाया गया, जिससे इंडिगो एयरलाइन्स टेक ओवर के प्रस्ताव के लिए "सॉफ्ट" (मुलायम) हो जाए और टेक ओवर आसान शर्तों के तहत हो जाए।**
- **एक पुराने एविएशन विशेषज्ञ का इस बारे में कहना है कि एक एयरलाइन्स को इतना बढ़ने देना कि 60 प्रतिशत मार्केट उसे कब्जे में हो जाए तथा दूसरी ओर एविएशन सैक्टर के आधारभूत ढांचे पर इतना छा जाए कि सरकार की क्षेत्र में संतुलन बैठाने की क्षमता खत्म हो जाए, यह खतरनाक स्थिति है।**

विपक्ष यह आरोप लगा रहा है कि यह संकट सिर्फ संचालन संबंधी विफलता नहीं हैं, बल्कि यह एक ऐसा कृत्रिम संकट है, जिसे इंडिगो को अडानी ग्रुप को सौंपने के लिए खड़ा किया गया है। अडानी समूह तेजी से हवाई अड्डों, प्रशिक्षण सुविधाओं और विमानन सेवाओं में अपनी घुसपैठ बना रहा है।

तकनीकी समस्याओं, चालक दल की कमी और शेड्यूल में बदलाव की घटनाओं में अचानक वृद्धि ने संदेह उत्पन्न किया है, जिससे यह संभावना जताई जा रही है कि यह अराजकता, विमानन क्षेत्र में एक बड़े रणनीतिक पुनर्संयोजन का हिस्सा हो सकती है।

विशेषज्ञ हैरान हैं और सरकार तथा नगर विमानन महानिदेशालय से सवाल पूछ रहे हैं कि ऐसी किसी जोड़-तोड़ को आधिकारिक रूप से स्वीकार क्यों नहीं किया जा रहा? व्यवधानों का समय और पैमाना यह संदेह पैदा करता है कि इस क्षेत्र के दो प्रमुख शक्ति केन्द्र, देश की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

सीतालक्ष्मी सहित तीन सह आरोपियों की जमानत खारिज

जयपुर, 6 दिसंबर। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने आईटीएटी जयपुर बेंच में रुपए लेकर फैसले देने से जुड़े भ्रष्टाचार के आरोप मामले में, आरोपी सीता लक्ष्मी सहित वकील राजेन्द्र सिसोदिया व अन्य पक्षकार मुजम्मिल को जमानत से इनकार करते हुए उनकी अर्जी खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ गंभीर आरोप हैं और मामले में अनुसंधान चल रहा है। ऐसे में इस स्तर पर आरोपियों को जमानत नहीं दी जा सकती।

- **सीतालक्ष्मी, वकील राजेन्द्र सिसोदिया और पक्षकार मुजम्मिल, इनकम टैक्स अपील ट्रिब्यूनल में भ्रष्टाचार के आरोपी हैं, कोर्ट ने जमानत देने से इन्कार करते हुए कहा, इन पर गंभीर आरोप हैं, जमानत नहीं दी जा सकती।**

आरोपी सीता लक्ष्मी सहित दोनों आरोपियों ने कोर्ट से उन्हें जमानत देने का आग्रह किया था। इस मामले में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

राष्ट्रपति के भोज में शशि थरूर का आमंत्रण फिर "विवादित" हुआ

शशि थरूर ने कहा, वे पर राष्ट्र मामलों के लिए गठित स्थाई संसदीय समिति के अध्यक्ष हैं, अतः, उन्हें आमंत्रित किया गया है, रूस के राष्ट्रपति को दिए गए भोज में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसंबर। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गर्व से याद किया कि 20 साल पहले जिस शब्द का उन्होंने इस्तेमाल किया था, वह आज जियापोलिटिकल सम्बंधों में कहीं अधिक सही साबित हो रहा है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति भवन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के साथ डिनर निमंत्रण पर भी प्रकाश डाला, जो दो दिन की राजकीय यात्रा पर भारत आए थे।

थरूर ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में शुक्रवार रात को उनकी उपस्थिति का कारण विदेश मामलों पर संसदीय स्थायी समिति (पार्लियामेटरी स्टैन्डिंग कमेटी ऑन एक्स्टरनल अफेयर्स) के अध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा किया गया कार्य था।

इस राजकीय डिनर, जिसे थरूर ने "उत्कृष्ट बताया, के बाद उन्होंने एनडीटीवी के सीईओ तथा एडिटर-इन-चीफ राहुल कँवल से कहा, "मैं काफी समय बाद राष्ट्रपति भवन आया हूँ। कुछ वर्षों तक मुझे लगता था कि उनका रुख थोड़ा अलग है। ऐसा लगता है कि इस बार उन्होंने थोड़ा खुलने और दूसरों की बात सुनने का निर्णय लिया है और साफ बात तो यह है कि चूँकि विदेशों के साथ वही रिश्ते तो होते हैं, जिनसे हमारी संसदीय स्थायी समिति संबंधित होती है, इसलिए यहां की बातचीत तथा माहौल आदि को जानना उपयोगी है। इस कारण, मैं यहां आने पर बहुत प्रसन्न हूं। बस यही कारण है, इससे ज़्यादा कुछ नहीं।"

कांग्रेस के कई नेताओं, जैसे पवन खेड़ा और जयराम रमेश, ने इस पर सवाल उठाया कि पार्टी सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को राजकीय डिनर के लिए आमंत्रित नहीं किया गया।

ये प्रतिक्रियाएँ तब आईं, जब थरूर ने शुक्रवार को संसद के बाहर संवाददाताओं को यह बताया कि उन्हें राजकीय डिनर का निमंत्रण मिला है

- **थरूर ने इस विषय में आगे कहा कि वे भोज में अवश्य जाएंगें, क्योंकि राष्ट्राध्यक्षों व उनकी टीम के लोगों तथा भारतीय टीम के बीच हुए वार्तालाप को प्रत्यक्ष देखकर उनको, उनके संसदीय समिति के अध्यक्ष के बतौर काम में मदद मिलेगी।**
- **थरूर की भोज में मौजूदगी को जयराम रमेश व पवन खेड़ा ने उचित नहीं माना। उनके अनुसार यह उपस्थिति, कांग्रेस पार्टी के, सरकार के प्रति घोषित रूख, सोच व नीति के खिलाफ है।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

मनमाने हवाई किराए पर केन्द्र सरकार सख्त, किराए पर कैप लगाया

लेकिन इससे सरकार की जवाबदेही पूरी नहीं हो जाती

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को इंडिगो के सभी घरेलू उड़ानों में भारी देरी और निरस्तीकरण (कैंसिलेशन) के बाद, एयरलाइन टिकटों की कीमतों में बढ़ोतरी को नियंत्रित करने के लिए हवाई किराये की सीमा निर्धारित करने की घोषणा की।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने इस बात को गम्भीरता से लिया है कि मौजूदा संकट के दौरान कुछ एयरलाइनों द्वारा अत्यधिक उच्च हवाई किराए वसूलने की शिकायतें आ रही हैं। बयान में कहा गया है, "यात्रियों को किसी भी प्रकार के अवसरवादी मूल्य निर्धारण से बचाने के लिए, मंत्रालय ने अपनी नियामक शक्तियों का उपयोग करते हुए, सभी प्रभावित मार्गों पर उचित और यथोचित किराए सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।"

मंत्रालय ने कहा, "एक आधिकारिक निर्देश सभी एयरलाइनों को जारी किया गया है, जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े आदेश दिए गए हैं कि निर्धारित किराया सीमा का पालन किया जाए। ये सीमाएं तब तक

- **इंडिगो एयरलाइन्स के संकट के दौरान अन्य एयरलाइन्स द्वारा भारी किराया वसूली की शिकायतों के बाद केन्द्र सरकार ने यह कदम उठाया।**
- **नागर विमानन एवं उड्डयन मंत्रालय ने सभी एयरलाइन्स को निर्देश दिया है कि किराए पर लगी सीमा का सख्ती से पालन किया जाए।**
- **मंत्रालय ने कहा कि वह किराए के स्तर पर बारीकी से नज़र रखेगा और एयरलाइन के डेटा व ऑनलाइन प्लेटफार्म्स के डेटा के बीच तालमेल करेगा।**
- **मंत्रालय ने एक पृथक बयान जारी कर इंडिगो को हिदायत दी कि जल्द से जल्द सभी यात्रियों को किराया राशि लौटा दें।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

बाबू लाल कटारा को केन्द्रीय कारागार में शिफ्ट किया

जयपुर, 6 दिसंबर। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में जेल में बंद आरपीएससी के पूर्व सदस्य बाबूलाल कटारा ने अदालत को जयपुर जिला जेल में अपनी हत्या होने या डिप्रेशन में आकर आत्महत्या करने की बात कही है। वहीं, ईडी कोर्ट

- **वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा पेपरलीक में आरोपी आरपीएससी सदस्य बाबू लाल कटारा ने अपनी हत्या की आशंका जताई, साथ ही डिप्रैशन में आकर आत्महत्या करने की बात कही। इसीलिए उन्हें जिला जेल से केन्द्रीय कारागार में शिफ्ट किया गया है।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

रिज़र्व बैंक द्वारा "रैपो रेट" (ब्याज दर) घटाना "डिमांड" को चमकायेगा

पर, अगर रूपए का मूल्य घटता रहा, डॉलर की तुलना में, तो यह आशावादी कदम, खोखला भी साबित हो सकता है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.) द्वारा रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती, ग्रोथ को सपोर्ट करने की दिशा में एक बदलाव है, लेकिन यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब मैक्रोइकोनॉमिक स्थिति अभी भी स्थिर नहीं है। इस कटौती से घरों और बिज़नेस के लिए उधार लेने की लागत कम हो सकती है, लेकिन यह फाइनेंशियल स्थिरता, करेंसी मैनेजमेंट और महंगाई के रास्ते की स्थिरता के बारे में भी कई सवाल खड़े करता है। कुल मिलाकर, यह सावधानी भरी उम्मीद का संकेत है, लेकिन लापरवाही का नहीं।

चिंता का पहला कारण कमज़ोर होता रुपया है, जो पॉलिसी घोषणा से ठीक एक दिन पहले अपने नए निचले स्तर पर फिसल गया था। रेट कटौती से भारत और अमेरिका की ब्याज दरों के फर्क में कमी आती है, जो करेंसी पर दबाव बढ़ा सकती है। अगर अमेरिकी फेडरल रिज़र्व अपनी रेट कटौती को आगे टालता है, जिसकी संभावना बाज़ारों में बढ़ रही है, तो रुपए पर गिरावट का दबाव लगातार बना रह सकता है। इससे आर.बी.आई के लिए, इम्पोर्टेड इन्फ्लेशन (आयातित महंगाई) को नियंत्रित रखना मुश्किल होगा। कमज़ोर रुपया, तेल, फर्टिलाइज़र और अन्य ज़रूरी इंपोर्ट को महंगा कर देता है, जिससे महंगाई में मिली हाल की राहत फिर उलट सकती है।

आर.बी.आई. ने महंगाई में नरमी को इस कटौती का मुख्य आधार बताया है, लेकिन आगे का रास्ता जोखिमों से खाली नहीं है। खाने-पीने की चीज़ों की महंगाई एक लगातार बनी रहने वाली अनिश्चितता है, खासकर जबकि, बारिश के पैटर्न में असमानता और जलवायु से संबंधित रुकावटें ज़्यादा बार होने लगी हैं। सेंट्रल बैंक के अनुमान इस साल खाद्य कीमतों को स्थिर मानकर बनाए गए हैं, लेकिन सप्लाई में किसी भी तरह की रुकवाट उसे अपना रुख फिर बदलने पर मजबूर कर सकती है। अर्थशास्त्री चेतावनी देते हैं कि भारत में महंगाई के चक्र ऐतिहासिक रूप से अस्थिरता वाले होते हैं, और कुछ महीनों के अच्छे आंकड़े लंबे समय के ट्रेंड की गारंटी नहीं देते हैं।

दूसरी बड़ी सावधानी बैंकिंग सिस्टम में लिक्विडिटी की कमी से संबंधित है। आमतौर पर रैपो रेट घटने

- **ब्याज दर घटने से, पैसा ज्यादा आता है मार्केट में तथा इससे ग्राहकी भी बढ़ती है। पर, यह चक्कर पूरा होने के लिए जरूरी है कि बाहरी माहौल में स्थिरता रहे।**
- **पर, अगर अमेरिका ने ब्याज दर नहीं घटाई और विदेशी इन्वेस्टर भारत से डॉलर को निकालकर अमेरिकी स्टॉक में लगाते रहे तो रिज़र्व बैंक के लिए रूपए को गिरने से रोकना पहली प्राथमिकता हो जाएगी।**
- **इस स्थिति में रेट घटाने से मार्केट चमकेगा नहीं, बल्कि धूमिल होकर रह जाएगा।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

केस तय समय सीमा में खत्म होने चाहिए

नई दिल्ली, 06 दिसंबर। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी के लिए है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को निपटाने के लिए एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति उनकी पहली प्राथमिकता है। हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट के दौरान बोलते हुए सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, मेरी पहली प्राथमिकता एक तय समयसीमा और एक एकीकृत राष्ट्रीय न्यायिक नीति (यूनिफाइड नेशनल ज्यूडिशियल पॉलिसी) बनाना है ताकि लंबित मामलों

- **देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, इसके लिए एक एकीकृत राष्ट्रीय नीति बनाई जानी चाहिए।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

ममता बनर्जी के मुस्लिम वोट बैंक को भारी खतरा पैदा हुआ, हुमायूं कबीर के रूप में

हुमायूं कबीर ममता बनर्जी के पुराने वफादार मुस्लिम इस्लामिक नेता थे, जिसने अब बगावत कर, ममता बनर्जी को दहशत में ला दिया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अब अपने ही किए का परिणाम झेल रही हैं।

उनके एक भरोसेमंद साथी, हुमायूं कबीर, जो अब तक ममता के क़रीबी माने जाते थे, ने उनके खिलाफ़ बग़ावत कर दी है। यह ममता के लिए एक ऐसा बड़ा राजनीतिक जाल है, जैसा अब तक उनके सबसे बड़े भाजपा आलोचक भी नहीं बिछा सके थे।

हुमायूं कबीर ने आज, 6 दिसंबर को, अयोध्या में बाबरी मस्जिद के विध्वंस की याद में मुर्शिदाबाद ज़िले में, बंगाल की धरती पर बाबरी मस्जिद के निर्माण के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने यह सब तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व की अवहेलना करते हुए और ममता बनर्जी के प्रति अपनी अवज्ञा व्यक्त करते हुए किया।

यह याद दिलाना ज़रूरी है कि यही वह मुर्शिदाबाद ज़िला है, जहाँ कुछ समय पहले मुस्लिम भीड़ ने एक पिता-पुत्र को उनके घर से घसीटकर बेरहमी से मार दिया था। बाप-बेटे की "गलती" यह थी कि वे हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियाँ बनाते थे। न कोई गिरफ़्तारी हुई, न किसी पर मुकदमा चला।

घटना के समय, कबीर ने धमकी दी थी कि वे बंगाल के हिंदुओं की हत्या कर उनकी लाशें बंगाल की खाड़ी में फेंक देंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि वे मुर्शिदाबाद को हिंदू-मुक्त कर देंगे। अब वही कबीर, एक इस्लामिक राज्य की अपनी आकांक्षा में, ममता बनर्जी को खुली चुनौती दे रहे हैं। यह ममता बनर्जी और, उनके ज़रिए, पूरी तृणमूल कांग्रेस और बंगाल में उनके प्रभुत्व पर एक सीधा निजी हमला है। यह स्थिति कभी न कभी आनी ही थी, ममता बनर्जी की असीमित तुष्टिकरण नीति के कारण।

कबीर जल्द ही अपनी अलग इस्लामी पार्टी बनाने की धमकी दे रहे हैं। माहौल पहले ही तैयार कर लिया गया है और उन्होंने ऐसे तत्वों की सहानुभूति हासिल कर ली है।

अब तक, कुछ अखिल भारतीय मुस्लिम नेताओं ने बंगाल में आने की धमकी दी थी। हैदराबाद के ओवैसी ने भी कई बार बंगाल के मुसलमानों को अपनी ओर खींचने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। ममता बनर्जी हर बार बस यह कहकर बात टाल देती थीं कि ओवैसी हैदराबादी हैं: "उनका घर हैदराबाद है।"

- **हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में एक "बाबरी मस्जिद" के निर्माण की नींव रखी 6 दिसंबर को। उन्होंने अपने इस कृत्य से ममता बनर्जी से बड़ा इस्लामपरस्त नेता होने का दावा किया।**
- **अब तक ममता जी ने अपने आपको सबसे प्रबल इस्लाम समर्थक नेता के रूप में प्रोजेक्ट कर रखा था तथा मुसलमानों ने भी उन्हें जमकर वोट दिए हर चुनाव में।**
- **कई मुस्लिम नेताओं ने बंगाल में पैर जमाने की कोशिश की, पर किसी को सफलता नहीं मिल पाई। उदाहरण के लिए ओवैसी ने जब काफी कोशिश की तो ममता जी ने उन्हें एक ही वार में उड़ा दिया, यह कहकर कि वह हैदराबादी हैं उन्हें वहीं रहने दो।**
- **पर, हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद का है, परस्त हैं, उसने मुर्शिदाबाद को हिंदू मुक्त करने जैसा खतरनाक नारा दिया है।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

राष्ट्रपति और प्र.मंत्री ने अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी

नयी दिल्ली, 06 दिसंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित, कई प्रमुख लोगों ने शनिवार को संसद भवन परिसर में डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर को

- **प्र.मंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, हम बाबा साहेब को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर स्मरण करते हैं, न्याय व समानता के उनकी सोच सदैव भारत का मार्गदर्शन करती रहेगी।**

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

संक्षिप्त

वांछित आरोपी पकड़ा

बौंली- बामनवास। सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित आरोपियों के धर पकड़ अभियान के तहत बौंली थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन में फरार चल रहे वांछित आरोपी मुकेश कुमार मीणा उम्र 38 वर्ष निवासी देवली थाना लालसोट एवं एक अन्य प्रकरण में हेमराज मीणा उम्र 26 वर्ष निवासी चौकीदारों की ढाणी देवली थाना लालसोट को गिरफ्तार किया है। सर्किल इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह सोलंकी के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल जयदेव सिंह की टीम ने दोराने गस्त मुकदमा नंबर 417 /2005 में फरार चल रहे वांछित आरोपी मुकेश मीणा को गिरफ्तार किया है एवं अन्य दूसरे प्रकरण में वांछित फरार आरोपी हेमराज मीणा को हैड कांस्टेबल योगेंद्र सिंह की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को को न्यायालय में पेश किया गया।

नशा स्वास्थ्य के लिए जानलेवा

शाहपुरा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष भँवरलाल बुगालिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने राजकीय बालिका विद्यालय में प्रधानाचार्य सुनिता साही की अध्यक्षता में नालसा योजना 2016 पर शिविर आयोजित किया। इस दौरान "शिक्षा के अधिकार" पर्यावरण संरक्षण एवं नशा स्वास्थ्य के लिए जानलेवा है। नालसा योजना की विधिक जागरूकता की जानकारी दी । विद्यार्थियों से उपरोक्त विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष सरोज ने उपस्थित विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर सुमन, सोनू, हंसा पलसानिया सहित समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

राजगढ़ । कस्बे के बस स्टैंड समीप डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर शनिवार 6 दिसंबर को महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान के रचयिता बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते उनके जीवन से सीख लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर समिति के अध्यक्ष अमर सिंह वर्मा एवं आदिवासी सेवा संस्थान के अध्यक्ष रामकिशन मीणा की मौजूदगी में अनेक लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर एन एल वर्मा, गुलाब वर्मा, रामजीलाल, बाबूलाल एवं कैलाश सहित अन्य मौजूद रहे।

फिरौती मांगने वाला पकड़ा

टोंक। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टोंक के निर्देशन में पुलिस उप-अधीक्षक निवाई रविप्रकाश शर्मा के सुपरविजन एवं निवाई थानाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने गत 2 दिसम्बर को निवाई बाईपास पर परिवादी अर्जुन कुमावत का अपहरण कर फिरौती मांगने के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी गुलाब मीणा को करौली के ग्राम झाडोदा के जंगल से गिरफ्तार किया गया है ।

छात्राओं को बैग एवं शिक्षण सामग्री बाटी

राजगढ़। कस्बे के बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 में राष्ट्रपति सम्मानित शिक्षिका आशा सुमन दंपति की ओर से करीब पांच दर्जन स्कूली-छात्राओं को बेग एवं शिक्षण सामग्री भेंट की। शिक्षिका दंपति आशा सुमन, दुलीचंद सागर ने विद्यालय के चौमुखी विकास के साथ कायापलट करने का संकल्प व्यक्त किया इससे पूर्व विद्यालय प्रधान नरेश सैनी, अशोक मुखिजा, बलराम गुप्ता, रोशन सैनी, रेणुका तिवारी, सरोज देवी एवं अन्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान विद्यालय प्रधान नरेश सैनी ने शिक्षिका दंपति का स्वागत करते हुए विद्यालय विकास में उनके योगदान के बारे में जानकारी देने के साथ भविष्य में विद्यालय की तरक्की के बारे में अवगत कराया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्य कर रही है सरकार : भूपेंद्र

किशनगढ़ बास। अलवर सांसद व केंद्र सरकार में मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को किशनगढ़ बास में भूरपहाडी चौंक पर पंडित दीनदयाल के नाम पर रखे गए नवीन बस स्टैंड, पंडित दीनदयाल सद्भावना मडप, महाराणा प्रताप नगर सहित 125 करोड़ के विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इससे पहले मंत्री कोटकासिम के बूढ़ी बावल गौशाला पहुंचे जहां उन्होंने गायों को हरा चारा खिलाया, गौशाला में टीन शेड निर्माण कार्य का उद्घाटन किया बाद में गांव की पीएचसी का लोकार्पण व एम्बूलेंस को हरी झंडी दिखाई।

किशनगढ़ बास पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में किशनगढ़ बास, खैरथल, कोटकासिम सहित गांवों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे से स्वागत किया और कार्यक्रम स्थल तक लेकर पहुंचे। सभा स्थल पर भाजपा पदाधिकारीयों ने मंत्री यादव का बड़ी माला से सम्मान किया गया। पूर्व विधायक रामहेत यादव ने स्वागत भाषण में किशनगढ़ से खैरथल बाईपास को फोरलेन करने सहित अनेक विकास के कामों को लेकर मांग रखी ।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा हम राजनीति छोटे-मोटे उद्देश्य के लिए नहीं कर रहे और ना ही मेरे तेरे के लिए करते हैं हम राजनीतिक विकास के लिए कर रहे हैं। उन्होंने कहा खैरथल में चुनाव के दौरान खैरथल के विकास को आगे बढ़ाने की शपथ ली थी उसे आगे बढ़ाने के लिए में पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। राजस्थान का

अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने किशनगढ़ बास में भूरपहाडी चौंक पर पंडित दीनदयाल के नाम पर रखे गए नवीन बस स्टैंड का लोकार्पण किया।

- **किशनगढ़ बास पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का पूर्व विधायक रामहेत यादव के नेतृत्व में किशनगढ़ बास, खैरथल, कोटकासिम सहित गांवों से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने ढोल बाजे से स्वागत किया और कार्यक्रम स्थल तक लेकर पहुंचे।**

खैरथल जिला मैन्युफैक्चरिंग में नंबर वन पर है इसे और आगे लेकर जाएंगे। हम हर आदमी के जीवन में विकास करना चाहते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और भारत का संविधान हमें जो मार्ग दिखाता है, उसी भावना के साथ सरकार गरीब कल्याण, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मंत्री यादव ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कांग्रेस के लोग फॉर्म भरने में लगे हैं, अगर इतनी चिंता 70 साल में गरीब की कर ली होती तो आज इतने बुरे दिन कांग्रेस के नहीं आते। कांग्रेस मुक्त होने के लिए समर्पित हो चुकी है। उन्होंने कहा यह लोग संसद नहीं चलने देते। 150 साल पहले वंदे मातरम की रचना हुई थी आज हम 150 वर्ष मनाते हैं तो इन्हें तकलीफ होती है। हम भर्तृहरि के नाम को आगे बढ़ाते हैं तो उन्हें तकलीफ होती है। जबकि हम शहर और संस्कृति को आगे बढ़ाने में ही लग रहें हैं । उन्होंने कहा आज बाबा साहेब आंबेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस भी है। बाबा साहब ने देश को संविधान दिया है 70 साल से लोकतंत्र यात्रा को मजबूती से बढ़ाया है। हम संविधान को लेकर प्रधानमंत्री के नेतृत्व विकसित भारत के रास्ते पर गरीब कल्याण में लगे हैं। उन्होंने कहा अलवर सांसद खेल उत्सव में उन्होंने खैरथल के बच्चों की प्रतिभा देखकर खैरथल में इंटरनेशनल लेवल की खेल अकैडमी की घोषणा की है, जिसमें बच्चों को कुश्ती सहित अन्य खेलों की उच्चस्तरीय ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी।

"डॉ.अंबेडकर के विचारों पर चलने का संकल्प"

अलवर। दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति एडवा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने आज भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के 70 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अलवर के अंबेडकर सर्किल पर अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष कैंडल प्रज्वलित कर विनम्र सादर नमन किया । बाबा साहेब के सम्मान में नारे लगाए । स्वतंत्रता,समानता, सद्भाव, न्याय, बंधुत्व, लोकतंत्र, समाजवाद, धर्म निरपेक्षता, स्वतंत्र विदेशनीति एवं सभी को सस्ती सरकारी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया करवाने के बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलने का संकल्प दोहराया।

जाति, जेंडर आधारित सामाजिक भेदभाव व उत्पीड़न, बढ़ती आर्थिक विषमता,मजदूर व किसान की बदहाली, महंगाई, तेजी से बढ़ती

समिति कार्यकर्ताओं ने डॉ.अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष कैंडल प्रज्ज्वलित कर विनम्र नमन किया ।

शिक्षित बेरोजगारी, धर्म की आड़ में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ती नफरत के खिलाफ तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए साझा संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डीएसएमएम सह संयोजक फतेह सिंह चौधरी, शेर सिंह एवं श्याम सुंदर, अशोक कुमार वर्मा, जीत सिंह, पवन कुमार, कमलेश कुमार, मनोज आर्य, कुलदीप, अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति एडवा की जिला सचिव अनीता जाटव, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला सचिव रईसा, एडवोकेट शन्नो, एसएफआई पूर्व जिला सचिव कपिलदेव, महेंद्र सिंह सहित बढ़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

'शिक्षा चरित्र निर्माण का आधार'

टोंक। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को मुख्यालय के एक निजी रिसोर्ट में पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के आमुखीकरण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लिया। इस मौके पर दिलावर ने कहा कि शिक्षा मानवीय मूल्यों एवं चरित्र निर्माण का आधार होना चाहिए, शिक्षकों को किताबी ज्ञान के साथ बच्चों में व्यवहारिक ज्ञान देने के लिए सार्थक प्रयास करने होगें, ताकि हमारे बच्चे किसी भी स्तर पर पीछे नही रहें। हमारा दायित्व है कि बच्चों में सर्वांगीण शिक्षा का विकास हो तथा वह जिस क्षेत्र में भी जाये वहां अपने देश, समाज एवं परिवार का नाम रोशन करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान में विगत दो वर्ष में शिक्षा में कई नवाचार किये गये है। इससे न केवल शिक्षा के स्तर में सुधार आया है, बल्कि बच्चों के नैतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान में भी बढ़ोतरी हुई है। देश में राज्य ने शिक्षा के स्तर में सुधार को लेकर लंबी छलांग लगाई है।

डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि

टोंक। भाजपा जनसेवा संवाद केंद्र पर सामाजिक न्याय के पुरोधा, वंचितों और शोषितों के प्रखर स्वर संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि बाबा साहेब का जीवनदर्शन, संघर्ष और विचार हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायी एवं पथप्रदर्शक हैं, भारत के निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान को भुलाया नही जा सकता।

बैठक में वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पर चर्चा

टोंक। राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन के आव्हान पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में वोट चोरी रोकने के महाअभियान एवं वोट चोर गद्दी छोड अभियान को लेकर दिल्ली में प्रस्तावित महारैली की तैयारी के लिए जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा निवर्तमान जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से जिला संगठन प्रभारी आमेर विधायक प्रशांत शर्मा उपस्थित रहे, विधायक शर्मा ने कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में होने वाली महारैली एक ऐतिहासिक रैली होगी जिसमें लाखों की तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब कांग्रेसियों का दायित्व है कि हम रैली में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे, इस दौरान उन्होंने जिलाध्यक्ष और ब्लॉक और मंडल अध्यक्षों को अपने क्षेत्र में सक्रिय रूप से रहकर कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों को अधिक से अधिक संख्या में ले जाने के लिए आव्हान किया।

सहकारी संस्थाओं, विद्यालय, पशु चिकित्सालय का निरीक्षण

दौसा। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने शनिवार को दौसा शहर में सहकारी संस्थाओं, बनियाना विद्यालय, बड़ागांव पशु चिकित्सालय एवं बापी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर ने दौसा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की दौसा शाखा के निरीक्षण के दौरान ग्राहकों एवं किसानों को प्रदान की जा रही बैंकिंग सुविधाओं एवं वर्ष के दौरान अर्जित प्रगति की समीक्षा की। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान शाखा परिसर में साफ-सफाई, ग्राहकों के बैठने के लिए उचित स्थान, पीने का पानी जैसी सामान्य सुविधाएं सुचारू रखने के निर्देश प्रदान किए। इस दौरान बैंक के मुख्य प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार शर्मा ने अवगत करवाया कि बैंक की ओर से क्षेत्र के किसानों को अल्पकालीन फसली ऋण के साथ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी ऋण योजनाओं यथा सहकारी गोपाल किसान क्रेडिट कार्ड ऋण, राजस्थान सहकारी आजीविका विकास ऋण, सहकार किसान कल्याण ऋण, पॉली हाऊस ऋण, कृषक मित्र योजना एवं अन्य ऋण योजनाओं का लाभ किसानों एवं ठामीणों को प्रदान किया जा रहा है। बैंक के अमानतदारों को एनईएफटी, आरटीजीएस, यूपीआई, एसएमएस अलर्ट, ई-मेल स्टेटमेन्ट, रूपै डेबिट कार्ड आदि सीबीएस सुविधाएं उपलब्ध करवायी जा रही हैं। जिला कलक्टर ने दौसा क्रय-विक्रय सहकारी समिति के निरीक्षण के दौरान किसानों से समर्थन मूल्य पर की जा रही दलहन एवं तिलहन की खरीद की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए। साथ ही, दौसा सहकारी उपभोक्ता भण्डार में संचालित श्री अन्न मिलेट्स केन्द्र का भी निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर बैंक अधिकारी गौरव कथूरिया व पवन कुमार गुप्ता भी उपस्थित थे। जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार ने श्री दामोदर प्रसाद खंडेलवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनियाना का निरीक्षण कर विद्यालय की आईसीटी लैब, साइंस लैब, व्यावसायिक शिक्षा अंतर्गत संचालित आईटी लैब एवं हेल्थ केयर लैब की गहनता से जांच की और विद्यार्थियों से सवाल-जवाब किए। उन्होंने 12 वीं विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों से पौधों के पत्तों का हरे रंग का होने का कारण, गुणसूत्र, डब्ल्यूबीसी-आरबीसी आदि की जानकारी परखी।

PUBLIC NOTICE

General Public is hereby informed that the Ministry of Environment, Forest and Climate Change (MoEF & CC), has accorded Environmental Clearance for Proposed Construction of Residential Apartment "The Generals Retreat" at Khasra no 211, Plot No. 9 (Phase II), Sardar Patel Marg, Jaipur (Raj) which is promoted by M/s TRIMURTY LANDCON (INDIA) PRIVATE LIMITED vide File no. 21-480/2024-IA III dated 02/01/2025. General Public is further informed that copy of said Environmental Clearance letter is available on the websites of https://parivesh.nic.in/ For M/s TRIMURTY LANDCON INDIA (PRIVATE) LIMITED

तोपखाना देश गृह निर्माण सहकारी समिति लि.
मंत्री कार्यालय 2, हथरोई, अजमेर रोड़, जयपुर
सूचना
वहीं अम्बामाता थाना पुलिस ने लोकेश कुमार पुत्र वैसाजी निवासी कुम्हारिया खेड़ा पई थाना नाई की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ न्यू अहिंसापुरी सोनी जी के बंगले के पास चल रहे मकान के निर्माण कार्यस्थल से लोहे के प्लेटें टेंपों में डाल कर चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

श्रमिक की हत्या करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। शराब के नशे में आपसी विवाद होने पर चाकू से हमला कर साथी श्रमिक की हत्या करने वाले को पुलिस बैकरिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार एक दिसंबर को जिले के बैकरिया थाना क्षेत्र उपलावास गांव में शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर रास बावलवाड़ा निवासी जीवन पुत्र देवीसिंह चाकू से साथी श्रमिक देवरी एमपी निवासी वीरसिंह (23) पुत्र हीरासिंह, वीरन (32) पुत्र सुखनंदन एवं कपूर (21) पुत्र डालू पर हमला कर फरार हो गया। हमले में विरसिंह की मौत हो गई थी। दूसरे दिन घटना का पता चलने पर पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक डूंगरसिंह मय के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी उत्तम सिंह ने मामले में आरोपी रास बावलवाड़ा निवासी जीवनसिंह पुत्र देवीसिंह राजपूत को गिरफ्तार किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि बैकरिया थाना क्षेत्र में हाईटेंशन लाईन बिछाने का काम चल रहा है, जहां पर वीरसिंह, वीरन एवं कपूर मजदूरी करते हैं तथा जीवन हिताची मशीन का आपरेटर का काम करता है। घटना वाली रात में साथ मे शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर वीरसिंह चाकू से हमला कर फरार हो गया था।

हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार : गोगुन्दा थाना पुलिस ने रास्ता रोक कर व्यक्ति की हत्या करने के मामले में फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन किया।

प्रकरण के अनुसार 15 मई को दीपाराम गमेती, लक्ष्मण गमेती, गणेशलाल, पन्ना, गिता तथा केसरबाई निवासी काड़ फला नाल गोगुन्दा बाइक पर बैठकर गोगुन्दा जा रहे थे, जहां बीच रास्ते में 13 लोगों ने दीपाराम गमेती, लक्ष्माराम उर्फ लक्ष्मण गमेती को रोककर मारपीट की थी। जिससे दीपाराम की मौत हो गई थी। मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गोगुन्दा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने नाल फला डामरावास गोगुन्दा निवासी वरदा पुत्र होना, थावराराम पुत्र लिम्बा, गणेशलाल पुत्र मोतीलाल, शंकरलाल पुत्र खीमाराम को गिरफ्तार किया, जबकि विधी से संघर्षरत दो बाल अपचारियों को डिटेन कर सम्प्रेषण गृह भिजवाया।

खेतों में ग्रामीणों पर पैंथर का हमला, तीन घायल

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के गामड़ी आहड़ा के फला गांव में पैंथर ने शनिवार शाम खेतों में चारा लेने गए तीन लोगों पर हमला कर दिया। हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है।

जानकारी के अनुसार राजू देवी ननोमा अपने बेटे आशीष ननोमा के साथ खेत में थी, तभी घास में छुपे पैंथर ने अचानक आशीष पर हमला कर दिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन पैंथर ने वहां से गुजर रहे चेतन डामोर और धुला खराड़ी पर भी हमला कर दिया। धुला खराड़ी के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। सूचना पर 108 एंबुलेंसकर्मी हरिराम ननोमा और पायलट प्रवीण डामोर ने घायलों को गामड़ी आहड़ा सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। घायलों का उपचार जारी है।



पैंथर के हमले में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

अलवर-जयपुर रोड पर नजर आए बाघ-बाघिन

बाघ-बाघिन (एसटी-2304, एसटी-9) करीब आठ मिनट तक सड़क पर रहे

अलवर, (निसं)। अलवर-जयपुर रोड (वाया भर्तृहरि) पर रात करीब 11 बजे बाघ-बाघिन (एसटी-2304, एसटी-9) नजर आए। करीब आठ मिनट तक दोनों सड़क पर रहे। इस दौरान सड़क के बीच में भी बैठे नजर आए। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। टाइगर-टाइग्रेस को देखकर किसी वाहन चालक की आगे जाने की हिम्मत नहीं हुई। सरिस्का में बाघिन एसटी-9 सदर गेट से आगे आस-पास दिखती रही है। अब यहां करीब एक महीने से टाइगर एसटी-2304 भी नजर आने लगा है। इससे पहले यहां युवराज टाइगर एसटी-21 दिखता था। एसटी-2304 के आने के बाद युवराज एसटी-21 नहीं दिखा है। मतलब इस टेरेटरी में नजर नहीं आता है। वनकर्मी मान रहे हैं कि युवराज 21 दूसरी टेरेटरी में चला गया। अब उसकी टैरेटरी में एसटी-2304 आ गया, जो कई बार टाइग्रेस के आसपास देखा गया है।

- वीडियो भी सामने आया है, किसी वाहन चालक की आगे जाने की हिम्मत नहीं हुई

वृद्धा और नाती की निर्मम हत्या, दामाद पर आशंका जताई

वृद्ध महिला के पैर के टुकड़े-टुकड़े कर हत्यारे जेवर भी निकाल ले गये

उदयपुर, (कासं)। बीती रात सलूंबर जिला मुख्यालय से करीब 60 किमी दूर सेमारी इलाके में एक बुजुर्ग महिला और पांच साल के नाती की निर्मम हत्या कर दी गई। महिला के पैर के टुकड़े-टुकड़े कर हत्यारे जेवर भी निकाल ले गये। मृतका के पति ने दामाद पर हत्या करने के आशंका जताई है।

सेमारी थानाधिकारी गोपाल कृष्ण मीणा के अनुसार शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे सेमारी इलाके के गुडासर गांव के पास जहात फलां में धारदार हथियार से वार किया गया था। देर रात घर में से अचानक चीखने-चिल्लाने की आवाज आई। पड़ोसी पहुंचे तो पैरों तले जमीन खिसक गई। सामने गौरी (65) और उसके नाती सुरेन्द्र (5) के लहूलुहान शव पड़े थे। दोनों के पेट-छाती पर कई वार किए गए थे। सिर में भी गंभीर चोटें थीं। गौरी के पैर पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। उसके पैर के टुकड़े कर चांदी के कड़े ले गए। पुलिस आशंका जता रही है कि बदमाशों की संख्या दो-तीन रही होगी। बुजुर्ग महिला और बच्चा कमरों के आगे बने हॉल में सो रहे थे। परिवार मजदूरी करता है।

घटना के समय परिवार पड़ोस में चल रहे सत्संग कार्यक्रम में गया हुआ था। तभी बदमाश में घर में घुसे और वारदात को अंजाम दिया। सुरेन्द्र कुछ दिन पहले ही अपने नानी के घर आया था। घटना की जानकारी मिलने पर शनिवार सुबह करीब सात बजे सलूंबर एसपी राजेश यादव, डिप्टी चांदमल सिंगारिया समेत एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची। घर से किसी सामान की चोरी हुई है कि नहीं, इसको लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

एसपी राजेश यादव ने बताया कि मामले को लूट दिखाने की कोशिश की गई है। घर के अंदर से चोरी या लूट नहीं हुई है। कड़ों की लूट दिखाने के लिए बुजुर्ग के पांव काटे गए हैं। बुजुर्ग और मासूम के सिर में चोट हैं उसी से दोनों की मौत हुई है। मृतका गोरी के पति धन्ना मीणा के अनुसार उसके दामाद गंगाराम मीणा ने हत्या की। दामाद आए दिन नशा कर बेटी से झगड़ा करता है, कई बार टोकने से वो नाराज था। बार-बार धमकी देता था। दामाद गंगाराम ने उसके किसी साथी के मिलकर सास और उसके बेटे की हत्या की। परिजनों की मांग है कि पहले दामाद गंगाराम को पकड़ा जाए, उसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए सहमति देंगे। फिलहाल बॉडी सेमारी पीएचसी में रखी है। पुलिस परिजनों से समझाइश कर रही है। परिजन गंगाराम को पकड़ने की मांग कर रहे हैं,गंगाराम गांव से फरार है। वह पड़ोस के गांव में रहता है। परिजनों का गंगाराम पर ही हत्या का आरोप है।

- पुलिस आशंका जता रही है कि बदमाशों की संख्या दो-तीन रही होगी

बाबा साहेब को पुण्यतिथि पर नमन किया

करणपुर, (निसं)। भारतीय संविधान के निर्माता और भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर की 70वीं पुण्यतिथि 6 दिसंबर को श्रीकरणपुर में 'महापरिनिर्वाण दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में एडवोकेट भगवान दास मेघवाल, कामरेड मुकेश मोहनपुरिया, कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष राजकुमार मोहनपुरिया, लक्ष्मण नायक और रवि दायमा सहित रंजीत कुमार ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उपस्थित समूह ने बाबा साहेब के जीवन और सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने समाज में व्याप्त अंधविश्वासों, पाखंडवाद और कुरीतियों को समाप्त कर डॉ. अंबेडकर के सपनों को साकार करने का आव्हान किया। उन्होंने बाबा साहेब के सिद्धांतों का जीवन में पालन करने पर जोर दिया।

राजस्थानी भाषा को मान्यता दिलाने के प्रयास हो रहे हैं : मेघवाल

जोधपुर, (कासं)। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे, यहां से वे बीकानेर के लिए रवाना हुए। इस दौरान उन्होंने रूस के राष्ट्रपति पुतिन और पीएम मोदी की मुलाकात, एस आई आर के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष के हंगामे और डॉलर के मुकाबले गिरते रुपए को लेकर पत्रकारों को जानकारी दी।

राजस्थानी भाषा की मान्यता को लेकर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि ये हमारी भाषा है। इसको संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता मिले, यह हमारा प्रयास है। लेकिन इसमें एक सहमति बनाने का प्रयास हमारा हो रहा है, जो हमारे हिन्दी बोलने वाले संगठन हैं, उनके साथ जैसे यह हमारी सहमति बनेगी इस दिशा में कदम आगे उठाए जाएंगे। डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति को लेकर पूछे सवाल पर उन्होंने कहा कि रुपए का व्यापार अब कई अन्य देशों के साथ होने लग गया है, इसलिए रुपए की ताकत बढ़ गई है। पहले आप दुबई जाते थे तो आपको कहते थे डॉलर को चेंज करके लो, लेकिन आजकल कहते हैं रुपए में भी काम हो रहा है। इसलिए रुपए की ताकत बढ़ रही है। रुपए की स्थिति मजबूत हो रही है।

एस आई आर के मुद्दे पर मेघवाल ने कहा कि पिछला हमारा मानसून का जो सत्र था। उसमें विपक्ष ने पूरे समय इस विषय को उठाया। हमने उस समय भी कहा कि सरकार इलेक्शन रिफॉर्म पर चर्चा कर सकती है। एस आई आर इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की एक एक्टिविटी है। इस बार हमने चर्चा की तो उन्होंने दो दिन तक तो हाउस को बाधित किया, बाद में मान गए। अब सोमवार को पहले चर्चा वंदे मातरम् पर होगी। उसके बाद मंगलवार को हम इलेक्शन रिफार्म पर चर्चा करेंगे। हमारी ओर से भी जवाब दिया जाएगा। इंडिगो की फ्लाइट रद्द होने को लेकर देशभर में हुए विवाद पर कहा कि आज इसमें काफी सुधार है। पुतिन और मोदी की मुलाकात पर कहा कि विश्व के प्रमुख देशों के भारत के संबंध अच्छे होने चाहिए। भारत एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। अब तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। ऐसी स्थिति में हमारे हर देश के साथ अच्छे संबंध होने चाहिए। उनमें से रूस भी उसमें से एक है। रूस हमारा पुराना मित्र रहा है।

- केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जोधपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों को जानकारी दी

जूनियर अकाउंटेंट बलवीर सिंह ने दहेज मुक्त शादी की

चार दिसम्बर को विवाह मात्र एक रुपये के शगुन पर सम्पन्न हुआ

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना क्षेत्र के ग्राम नालोट निवासी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार गुर्जर ने समाज के लिए प्रेरणा प्रस्तुत करते हुए अपने पुत्र बलवीर सिंह (जूनियर अकाउंटेंट) का विवाह पूर्णत: सादगीपूर्ण एवं दहेज मुक्त पद्धित से सम्पन्न करवाया। चार दिसम्बर को बलवीर सिंह का विवाह ग्राम नराडा निवासी एएसआई ताराचंद लोमोड की पुत्री विनीता के साथ मात्र एक रुपये के शगुन पर किया गया।

उल्लेखनीय है कि बलवीर सिंह के राजकीय सेवा में जूनियर अकाउंटेंट के पद पर चयनित होने के बाद ही अधिवक्ता रामकुमार गुर्जर ने सार्वजनिक घोषणा कर दी थी कि वे अपने पुत्र का विवाह बिना दहेज और केवल एक रुपये के नेग पर करेंगे। उन्होंने अपनी घोषणा को न सिर्फ पूरा किया, बल्कि समाज में बढ़ती दहेज प्रथा पर करारा प्रहार भी किया। सादगी, संस्कार और सामाजिक सुधार का संदेश देने वाले इस दहेज मुक्त विवाह की सर्वत्र सराहना की जा रही है।

इस अवसर पर नीमकाथाना अभिभाषक संघ की ओर से अधिवक्ता रामकुमार गुर्जर को सम्मानित करते हुए बधाई भी प्रेषित की गई। यह विवाह उन सभी परिवारों के लिए प्रेरणा है जो सामाजिक कुरीतियों को छोड़कर नई सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प रखते हैं। इस दौरान एडवोकेट रामनिवास यादव,नीर सिंह मीणा, दर्शन सिंह सैनी, सचिन सैनी, नरेंद्र कुमार सैनी, विजय सोमावत ने वर-वधु को आशीर्वाद देते हुए एडवोकेट रामकुमार गुर्जर को दहेज मुक्त शादी की बधाई दी।

- सादगी, संस्कार और सामाजिक सुधार का संदेश देने वाले इस दहेज मुक्त विवाह की सर्वत्र सराहना हो रही है

ऊर्जा मंत्री ने विकास पर चर्चा की

जयपुर। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को ओडिशा के पुरी में आयोजित ग्लोबल एनर्जी लीडर्स समिट 2025 में राजस्थान के ऊर्जा क्षेत्र के परिदृश्य एवं विकास के रोडमैप को सभी के समक्ष रखा।

नागर ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में विगत समय में राजस्थान की प्रगति की चर्चा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान ने नवीकरणीय एवं सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बीते समय में जो उपलब्धि हासिल की है वह देश के अन्य राज्यों के लिए मिसाल है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि किसानों को अन्नदाता के साथ-साथ ऊर्जादाता बनाने के उद्देश्य से महत्वाकांक्षी पीएम कुसुम योजना का राजस्थान में प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है। कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी में लगभग 2470 मेगावाट के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं। इन संयंत्रों की क्षमता के आधार पर राजस्थान विकेंद्रित सौर ऊर्जा के मामले में भी देश में अग्रणी पायदान पर आ गया है। समिट में उन्होंने प्रदेश की पीक डिमांड को पूरा करने के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित करने के लिए सरकार के प्रयासों को भी रखा। उन्होंने कहा कि राज्य में 6000 मेगावाट आवर्स की ऊर्जा भंडारण क्षमता विकसित की जा रही है।

पीबीएम हॉस्पिटल में अव्यवस्थाओं का बोलबाला

बीकानेर, (निसं)। पीबीएम हॉस्पिटल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल अधीक्षक डॉ. बीसी घीया से मिला तथा व्यवस्था सुधारने के लिए सुझाव दिए। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. भगवान सिंह मेड़तिया, भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष वेद व्यास, देहात अध्यक्ष जसराज सिंवर, विक्रम सिंह राजपुरोहित ने अस्पताल में हो रही बदहाली और अव्यवस्थाओं में सुधार के लिए विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल में लंबे समय से जारी अव्यवस्थाओं की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कई प्रमुख मुद्दे उठाए। इस मौके पर नगर निगम उपयुक्त यशपाल आहूजा, ट्राफिक इंस्पेक्टर नरेश निर्वाण से फोन पर वार्ता कर परिसर के अंदर खड़ी अवैध एंबुलेंस और बाहर हुए अतिक्रमण को हटाने की वार्ता की। प्रतिनिधिमंडल में एड.रमेश पारीक, के.लाल जोशी, शंकर सोनी, राजेंद्र सिंह कक्कू, ओंकारनाथ सिद्ध, रघुपति सिंह भाटी, विक्रम सिंह राजपुरोहित, भव्य दत्त भाटी, नवल गिरी, लोकेश कच्छावा, नरेंद्र चंचल, हेमंत सुथार, हिमांशु अग्रवाल, ऋषि पारीक, विक्रम कुमावत, विक्रम हर्ष, सुनील रामावत, प्रेम धांधल, वासु रामावत, विनोद व्यास, आदि साथ रहे।

प्रतियोगिता आयोजित : - सूरतगढ़ में राजकीय कॉलेज में शनिवार को महिला प्रकोष्ठ और मतदाता जागरूकता समिति ने संयुक्त रूप से एक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। 'हमारा मत हमारा अधिकार' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोकतंत्र में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

प्रतियोगिता में 17 छात्राओं ने छह समूहों में हिस्सा लिया। इन रंगोलियों में मतदान का अधिकार, राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव और लोकतंत्र की मजबूती जैसे महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। छात्राओं ने रंगों के माध्यम से यह दर्शाया कि मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि देश के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है।

- भाजपा पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल अधीक्षक डॉ. बीसी घीया से मिला

हनीट्रैप में फंसाकर वसूली करने वाली महिला गिरफ्तार

गैंग के छह अन्य सदस्य इससे पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं

पाटन, (निसं)। पाटन पुलिस ने हनी ट्रैप के जरिए लोगों को ब्लैकमेल कर भारी रकम वसूलने वाले बावरिया गैंग के षड्यंत्र का भंडाफोड़ करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह महिला लंबे समय से दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज करवाने और धमकी देकर उगाही करने के मामले में वांछित चल रही थी।

पाटन थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी ममता उर्फ नाथी (28) पत्नी मदनलाल, निवासी नेहरा की ढाणी, वार्ड नंबर 2, थाना खंडेला, जिला सीकर है। पुलिस टीम ने आरोपी को जयपुर से हिरासत में लिया और प्रारंभिक पूछताछ के बाद विधिवत गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि आरोपी महिला सुनियोजित तरीके से लोगों को अपने प्रेमजाल में फंसाती थी। वह पहले फोन पर लगातार संपर्क कर भरोसा जीतती, फिर अचानक दुष्कर्म के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर लाखों रुपये की मांग करती थी। इसी गैंग के छह अन्य सदस्य इससे पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। यह पूरा मामला उस समय उजागर हुआ, जब 21 नवंबर को ग्राम धाधेंला निवासी ई-मित्र संचालक अनुज कुमार सैनी ने पाटन थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। परिवादी ने बताया कि आरोपियों ने उसे बार-बार फोन कर प्रेमजाल में फंसाया और बाद में दुष्कर्म केस की धमकी देकर दो लाख रुपये की डिमांड की। शिकायत के आधार पर पाटन थाने में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था। पुलिस अब गैंग के बाकी सदस्यों और नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है।

आरोपी गिरफ्तार : कोटा, (निसं)। जवाहर नगर पुलिस टीम ने मोटरसाईकिल चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से चोरी की गई मोटरसाईकिल को बरामद किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि फरियादी प्रकाश बारिया ने जवाहर नगर थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में कहा था कि वह अपनी बाईक को पड़ोस के मकान के बाहर खड़ी करके अंदर गया और जब वापस आया तो मोटरसाईकिल नही मिली। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने नाकाबंदी के दौरान शातिर बाइक चोर शिवपुरा निवासी दिनेश सिंह को गिरफ्तार किया और चुराई गई बाईक को भी बरामद किया गया।

- महिला लंबे समय से दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज करवाने और धमकी देकर उगाही करने के मामले में वांछित चल रही थी

ट्रक और कार की भिड़ंत में दादी-पौती की दर्दनाक मौत, तीन घायल

एक साथ उठी दादी-पौती की अर्थी, हर आंख हुई नम, परिवार में कोहराम मचा

छबड़ा, (निसं)। बारां के मंडोला के निकट शुक्रवार देर रात्रि को हुए भीषण सड़क हादसे में दादी-पौती की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए, जिनका उपचार कोटा चिकित्सालय में चल रहा है। शनिवार को दादी-पौती का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस घटना से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी अनुसार कस्बे के ब्रह्मपुरी मोहल्ला निवासी मुन्नी देवी (80) पत्नी कैलाश नारायण भारद्वाज, कामिनी (31) पुत्री सुरेश भारद्वाज, उर्मिला (50) पत्नी सतीश भारद्वाज, सतीश (55) व पवन (52) पुत्र कैलाश नारायण भारद्वाज कार में सवार हो कोटा की तरफ से आ रहे थे। वहीं दूसरी और से आ रहे ट्रक व उनकी कार में भिड़न्त हो गई। हादसे में दादी मुन्नी बाई व पौती कामिनी की मृत्यु हो गई वही गंभीर घायल सतीश, पवन व उर्मिला कोटा चिकित्सालय में उपचाराधीन है। मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी। बताया जा रहा है वे मुन्नी बाई के स्वास्थ्य की जांच आदि के लिए कोटा गए थे, छबड़ा आने से पूर्व ही रास्ते में मंडोला के निकट हादसा हो गया। भिड़न्त इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिवारजनों में मातम पसर गया। उनका रो-रोकर बुरा हाल था और चीख-पुकार मची हुई थी।

बारां से किसी कार्यक्रम से लौट रहे छबड़ा प्रधान हरिओम नागर, मंडोला पूर्व सरपंच आशीष नागर, पूर्व पार्षद राज मोहम्मद, अजमत अली आदि को जब इस घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने इंसानियत दिखाते हुए तत्परता से राहगीरों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला और चिकित्सालय पहुंचने में सहायता की। विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने इस घटना पर दु:ख प्रकट करते हुए ईश्वर से परिवारजनों को इस विपदा की घड़ी में सम्बल प्रदान करने व घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

- बताया जा रहा है दादी (मुन्नी बाई) के स्वास्थ्य की जांच आदि के लिए कोटा गए थे, छबड़ा आने से पूर्व ही रास्ते में मंडोला के निकट हादसा हो गया

भारत-पाक बॉर्डर पर खेतों में पाकिस्तानी बैलून मिला

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखे बैलून को पुलिस ने बरामद किया, जांच शुरू

बीकानेर, (निसं)। भारत पाकिस्तान सीमा पर एक बार फिर संदिग्ध बैलून मिला है। पाकिस्तान लिखे इस बैलून को पुलिस ने बरामद किया और खुफिया एजेंसियों को इसकी सूचना कर दी है।

इसके बाद से सुरक्षा एजेंसियों ने भी पड़ताल शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि ये तस्करी का कोई संकेत हो सकता है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्र खाजूवाला के 6एस एस एम सीयासर चौगान के खेतों में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस लिखा एक एयर बैलून मिला है। ग्रामीणों से मामले की सूचना मिलते ही सरपंच खलील खां ने पुलिस और बीएसएफ को बताया, जिस पर खाजूवाला पुलिस व बीएसएफ टीम तुरंत मौके पर पहुंची। देर रात सुरक्षा एजेंसियों ने गुब्बारे की जांच-पड़ताल की। हालांकि एयर बैलून में कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

बॉर्डर क्षेत्र में इस तरह के पाक लिखे गुब्बारे पहले भी कई बार मिल चुके हैं। हवा के रुख के साथ ये बैलून आए दिन भारतीय सीमा में प्रवेश कर जाते हैं। सीमावर्ती गांवों के ग्रामीण इन गतिविधियों से पूरी तरह सतर्क रहते हैं और संदिग्ध वस्तु दिखते ही सुरक्षा एजेंसियों को इसकी सूचना भी देते हैं। खाजूवाला और आसपास के इलाकों में पहले भी ड्रोन के जरिए नशीले पदार्थों की डिलीवरी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जिसके चलते सुरक्षा एजेंसियां लगातार अलर्ट मोड पर हैं। एक ही तरह का बैलून बार-बार पाकिस्तान से भारतीय सीमा में क्यों प्रवेश कर रहा है? इसी सवाल पर सुरक्षा एजेंसियां छानबीन कर रही है।

- पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट, तस्करी का संकेत होने की आशंका

हादसे में बालक की मौत

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना क्षेत्र में सड़क पार करते समय जीप ने बालक को चपेट में ले लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिसंबर को गोगरूद देवला निवासी भूरा उर्फ सतीश (9) पुत्र जग्गाराम की मौत हो गई। शुक्रवार भूरा अपनी मां शारदा देवी के साथ नदी पर नहाने के लिए गया था, जहां से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान पिण्डवाड़ा की तरफ से आ रही जीप ने उसे चपेट में ले लिया था। हादसे में गंभीर घायल होने पर उसे देवला चिकित्सालय से रेफर करने पर एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई अमरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

मंदिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा, तीन गिरफ्तार

आरोपियों के पास से चोरी हुए चांदी के छत्र और मुकुट बरामद किए

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने बाड़ा कला गांव स्थित स्वांगिया माता मंदिर में हुई चोरी की घटना का खुलासा कर पाली और बालोतरा के तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से चोरी हुए चांदी के छत्र और मुकुट बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अशोक खारवाल निवासी मेव जिला पाली, बजरंग सिंह राजपूत निवासी गूगड़ी जिला बालोतरा और राजू सिंह जाट निवासी खारड़ा भारतसिंह, बस स्टैंड बालोतरा के रूप में हुई है। आरोपियों ने वारदात से तीन दिन पहले मंदिर की रेकी की थी। तीन दिसंबर की रात बदमाशों ने मंदिर की खिड़की तोड़कर अंदर घुसपैठ की और मूर्ति पर लगे चांदी के छत्र व मुकुट चुरा ले गए। मंदिर ट्रस्ट की शिकायत पर पीपाड़ शहर थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने घटना से तीन दिन पूर्व ही मंदिर परिसर की रेकी कर ली थी और पूरी योजना बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया था। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है।

चार साल की मासूम से नाबालिग किशोर ने दुष्कर्म किया

आरोपी नाबालिग हिरासत में, पीड़िता बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा

अलवर, (निसं)। भिवाड़ी के फूलबाग थाना क्षेत्र में एक चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। रिपोर्ट में पास में ही किराए पर रहने वाले एक 16 साल के नाबालिग पर आरोप लगाया गया है। नाबालिग किशोर मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया किझारखंड निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दी, जिसमें बताया कि घर के सभी लोग दिन में मजदूरी के लिए बाहर गए थे। घर पर अकेली बच्ची को पड़ोस में रहने वाला आरोपी किशोर बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। शाम को जब परिजन घर लौटे, तो बच्ची ने दर्द की शिकायत की। बच्ची से पूछताछ करने पर घटना का खुलासा हुआ, जिसके बाद परिवार ने तत्काल फूलबाग पुलिस को सूचना दी।

- काम से बाहर गया था परिवार, मासूम को पड़ोस में रहने वाला किशोर बहलाकर ले गया था

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। उसके खिलाफ दुष्कर्म की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

महिला थाने की सब इंस्पेक्टर कुमारी गिरिजा ने बताया किपीड़िता बच्ची का मेडिकल परीक्षण और पूछताछ की प्रक्रिया जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

युवक ने आत्महत्या की

उदयपुर, (कासं)। शहर के भुपालपुरा थाना क्षेत्र में युवक ने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएन कॉलेज के सामने सुभाषनगर निवासी सुनिल नायक (25) पुत्र मोहनलाल ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। शनिवार को इसका पता चलने पर एएसआई भगवतीलाल ने मौके पर पहुंच कर मृतक को फंदे से नीचे उतार कर चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित करने पर मोर्चरी में रखवाया। एएसआई अमृतलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि 20 दिन पूर्व सुनील की पत्नी निर्मला अपने पीहर चले जाने से परेशान था एवं इसी के चलते उसने फांसी लगा ली थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

राशन डीलर पर 336 क्विंटल गेहूं गबन का आरोप

दंतौर पुलिस ने जिला रसद विभाग की शिकायत पर केस दर्ज किया

पूंगल, (निसं)। क्षेत्र के दंतोर कस्बे में राशन डीलर के खिलाफ 336 क्विंटल गेहूं गबन का आरोप लगा है। जिला रसद विभाग की शिकायत पर दंतौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह मामला फरवरी 2024 में आवंटित सरकारी राशन के दुरुपयोग से जुड़ा है।

जिला रसद विभाग के इंस्पेक्टर दीपक पूनिया ने चक 5 पूली के उचित मूल्य दुकानदार नेमीचंद के खिलाफ दंतौर पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार नेमीचंद को फरवरी 2024 में 336 क्विंटल गेहूं आवंटित किया गया था, जिसे लाभार्थियों को वितरित किया जाना था। आरोप है कि दुकानदार ने इस गेहूं का गबन कर लिया, जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान हुआ और पात्र उपभोक्ताओं को उनका हक का राशन नहीं मिल पाया। इंस्पेक्टर पूनिया की जांच में रिकॉर्ड भी संदिग्ध पाया गया। दुकानदार ने भी इस संबंध में कोई संतोषजनक प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया। इन्हीं तथ्यों के आधार पर दंतौर पुलिस ने नेमीचंद के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

शादी का झांसा देकर महिला का देहशोषण

जोधपुर, (कासं)। जिला पूर्व में लिव इन में रहने वाली एक महिला को शादी का झांसा देकर उसका देहशोषण किया गया। आरोपी ने उससे 70 हजार रूपए ऐंठने के साथ उसकी नबालिग बेटी से अश्लील हरकतें की। आरोपी पीड़िता को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर अब ब्लैकमेल करने पर उतर आया। घटना को लेकर पीड़िता की तरफ से शुक्रवार को पुलिस में इसकी रिपोर्ट दी गई है।

जिला पूर्व की पुलिस ने बताया कि 40 साल की एक महिला ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वह एक व्यक्ति के साथ काफी समय से साथ रह रही है। उसने शादी का झांसा दिया और उसका देहशोषण करता रहा। आरोपी ने उससे 70 हजार रूपए भी ऐंठ लिए। एक दिन वह उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करते देखा गया तो आपत्ति की गई। इस पर वह मारपीट करने लगा, फिर वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पुलिस ने बताया कि पीड़िता शुक्रवार को थाने पहुंची और केस दर्ज कराया गया। उसका मेडिकल करवाने के साथ ही अग्रिम जांच शुरू की गई है।

- नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की, वीडियो वायरल की धमकी दी

दुष्कर्मी सहित तीन गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीखक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक वल्लभगर के सुपरविजन में भीण्डर थानाधिकारी पूनाराम मय टीम ने दुष्कर्म के मामले में मुख्य आरोपी मोहम्मद अरबाज पुत्र हारून उर्फ पुत्तन एवं इसकी मदद करने वाले समीर उर्फ छोटू पुत्र अब्दुल मलिक, नौशाद पुत्र रईस अहमद को गिरफ्तार किया।

बाइक पर आए दो बदमाशों ने कॉलेज में घुसकर छात्रा से छेड़छाड़ की

अलवर, (निसं)। अलवर में बाइक पर आए दो बदमाशों ने कॉलेज में घुसकर छात्रा के साथ छेड़छाड़ की वारदात को अंजाम दिया। इतना ही नहीं छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर दी। छात्रा आर्ट्स कॉलेज में शनिवार को प्रथम वर्ष की परीक्षा देने आई थी। जब छात्रा ने कॉलेज परिसर में चीख-चीखकर मदद मांगी, तब वहां मौजूद टीचर्स और स्टूडेंट्स देखते रहे, लेकिन किसी ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश तक नहीं की। इस दौरान दोनों युवक बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। दोनों आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए।

घटना के बाद कुछ छात्र नेता भी मौके पर पहुंचे और कॉलेज में हंगामा कर दिया। इसी दौरान पीड़िता के दादा, जो जिला पार्षद हैं, वे भी कॉलेज पहुंच गए। छात्रा ने रोते हुए अपने दादा को पूरा घटनाक्रम बताया, जिसके बाद पीड़िता के दादा और छात्र नेता प्रिंसिपल ऑफिस पहुंचे, जहां सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपियों की पहचान जीप्पीन यादव और आसिफ के रूप में हुई, जो कॉलेज के छात्र नहीं हैं।

पीड़िता के दादा ने बताया कि दोनों युवक सीसीटीवी में साफ दिखाई दे रहे हैं और उनके खिलाफ शिवाजी पार्क थाने में शिकायत दे दी गई है। वहीं पीड़ित छात्रा ने बताया कि वह अपनी सहेलियों के साथ बैठी थी, तभी दोनों युवक बाइक से आए और उन्हें घूरते हुए छेड़ने लगे। विरोध करने पर एक युवक पेड़ से डंडा तोड़ने लगा और दूसरे युवक ने उसके गाल पर थप्पड़ मार दिया। आरोपियों ने सीने पर भी लात भी मारी। इस दौरान उसके चिल्लाने पर लोग इकठ्ठा तो हो गए, लेकिन कोई हस्तक्षेप नहीं किया। दोनों आरोपी उसे पीटकर फरार हो गए। छात्रा ने कहा कि यह घटना लाइब्रेरी के पास हुई, जहां लाइब्रेरी के सर भी पहुंच गए, लेकिन आरोपी हाथ नहीं आए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।

- छात्रा ने जब इसका विरोध किया तो बदमाशों ने उसके साथ मारपीट कर दी
- किसी ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश नहीं की, दोनों युवक फरार हो गए

धोखे से लाखों का माल हड़पा

उदयपुर, (कासं)। भुपालपुरा थाना पुलिस ने पीड़ित से लाखों का माल खरीद कर नकदी का भुगतान नहीं करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित माला मोटवानी पत्नी जगदीश प्रोपराईटर देवाशीष मिनरल्स प्रथम तल लोढ़ा कॉम्प्लेक्स कोर्ट चौराहा के पास ने आरोपी महेश फुलतरिया पुत्र जयश्री भाई प्रोपराईटर महाकाल ग्लोबल कार्पोरेशन शुभ कॉपरेटिव हब महेन्द्र नगर रोड़ मोरवी गुजरात, धुना कार्पोरेट हब महेन्द्र नगर मोरवी गजरात के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। उसने बताया कि आरोपी ने अगस्त 2025 में हमारी कंपनी से 24 लाख 70 हजार 760 रूपये का फेल्सपार पाउडर खरीदा था एवं दूसरे दिन माल ट्रांसपोर्ट में फंसने की बात कहते हुए मुझसे 4 लाख 60 हजार रूपये नगद उधार ले गया। इस पर आरोपी ने मुझे चैक दिए थे, जो बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गए। इस संबंध में संपर्क किया तो आरोपी ने कोई संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

725 स्थानों पर दबिश, 318 बदमाश गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। पुलिस ने शनिवार तड़के सात सौ पच्चीस स्थानों पर दबीश देकर तीन सौ अठारह अपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों को गिरफ्तार किया।

महानिरीक्षण पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव व जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अपराधिक घटनाओं के रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की धरपकड़ करने व रेड़ एरिया डोमिनेस की कार्रवाई करने के के आदेश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, अंजना सुखवाल एवं जिले के सभी पुलिस उप अधीक्षकों के सुपरविजन में प्रत्येक थानाधिकारियों के नेतृत्व में करीब 103 टीमों में 425 पुलिस अधीकारी एवं कर्मचारियों ने शनिवार तडके जिले में करीब 725 स्थानों पर दबीश दी।

इस दौरान 318 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती सहित अन्य अपराधों में वांछित 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया व 34 स्थाई वारंटी, 11 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। निरोधात्कम कार्रवाई में नवीन विधिक प्रावधानों के तहत247 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

अभियान के दौरान स्थानीय माईनर एक्ट की कार्रवाई के 20 प्रकरण दर्ज कर 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनमें आकबारी के 11 प्रकरण दर्ज कर 4 अभियुक्त, एनडीपीएस एक्ट में 1 प्रकरण एक अभियुक्त, आर्म्स एक्ट में 4 प्रकरण 4 अभियुक्त व अन्य मामलों में 4 प्रकरण दर्ज कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। इसी दौरान 56 हिस्ट्रीशिटरों के घर दबिश देकर उनसे पूछताछ की गई।

- 103 टीमों में 425 पुलिस अधीकारी एवं कर्मचारियों ने 725 स्थानों पर दबीश दी

आगरा-बांदीकुई रेलवे मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर पत्थर रखे, लोको पायलट ने मालगाड़ी को रोका

अज्ञात लोगों ने रेलवे ट्रैक पर सीमेंट के फैंसिंग ब्लॉक रख दिए गए थे, जिसके बीच से रात को मालगाड़ी गुजर रही थी

अलवर, (निसं)। अलवर के खेड़ली कस्बे से नदबई की ओर जाने वाले आगरा-बांदीकुई रेलवे मार्ग पर शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे मालगाड़ी के लोको पायलट की सावधानी से बड़ा हादसा टल गया। किसी अज्ञात ने रेल की पटरी पर पत्थर के बड़े ब्लॉक रख दिए गए। लोको पायलट ने पहले ही मालगाड़ी को रोक दिया। वहीं कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर अज्ञात लोगों ने इंटरसिटी खजुराहो एक्सप्रेस पर पथराव भी किया, जिससे एक कोच का शीशा भी टूटा है। इंटरसिटी के जयपुर पहुंचने के बाद रात करीब साढ़े दस बजे कंट्रोल रूम से खेड़ली रेलवे स्टेशन पर पथराव की सूचना भेजी गई। इसके बाद आरपीएफ ने मौके पर जांच शुरू की और अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

आरपीएफ ने मौके पर जाकर जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार रेलवे ट्रैक पर सीमेंट के फेसिंग ब्लॉक रख दिए गए थे, जिसके बीच से रात को मालगाड़ी गुजर रही थी। सीमेंट ब्लॉक मालगाड़ी के नीचे फंस गए और मालगाड़ी अचानक रुक गई। गनीमत रही कि मालगाड़ी की रफ्तार कम थी और लोको पायलट की नजर ब्लॉक पर पड़ गई, जिससे मालगाड़ी पलटने से बच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और आरपीएफ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पटरी से ब्लॉक हटाकर करीब 20 मिनट बाद मालगाड़ी को रवाना किया गया।

आगरा-बांदीकुई डबल लाइन प्रोजेक्ट के काम के लिए भूमि समतलीकरण चल रहा है। इसी कारण रेलवे भूमि पर सीमेंटेड पोल और तारबंदी की गई थी, लेकिन कई स्थानों पर यह तारबंदी क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बदमाशों ने इसी क्षतिग्रस्त जगह से सीमेंटेड ब्लॉक उठाकर पटरी पर रख दिए। यह ब्लॉक पुराने और जर्जर होने के कारण मालगाड़ी से टकराते ही चूर-चूर हो गए, अन्यथा डी-रेलमेंट की संभावना थी। घटना की सूचना मिलने पर आरपीएफ के असिस्टेंट कमांडेंट, मथुरा रात में ही मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आरपीएफ के सीनियर कमांडेंट आगरा भी घटनास्थल पर पहुंचे।

- सीमेंट ब्लॉक मालगाड़ी के नीचे फंस गए और अचानक रुक गई, गनीमत रही कि मालगाड़ी की रफ्तार कम थी, जिससे ट्रेन पलटने से बच गई
- खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी ट्रेन पर भी पथराव किया, कोच की खिड़की का कांच टूट गया

सेवद टोल प्लाजा पर हिस्ट्रीशीटर और साथी ने तोड़फोड़ की

पैसों की डिमांड करके दोनों ने स्टाफ को जान से मारने की धमकी भी दी

सीकर, (निसं)। सीकर के सदर थाना इलाके में स्थित सेवद टोल प्लाजा पर हिस्ट्रीशीटर और उसके साथी ने तोड़फोड़ की। पैसों की डिमांड करके उन्होंने स्टाफ को जान से मारने की धमकी भी दी। टोल मैनेजर ने पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया है।

दौसा के सिकंदरा निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह सेवद टोल पर मैनेजर है। टोल पर रात को 1:30 बजे के करीब एक बोलेरो कैंपर गाड़ी आई। बोलेरो गाड़ी में दो लोग बैठे थे। इन्होंने टोल पर अपनी गाड़ी को रोका इसके बाद वहां पर लड़कों के साथ मारपीट करना शुरू किया और टोल के सामान को तोड़ने लगे। टोल के कर्मचारी भाग कर ऑफिस में गए तो मारपीट करने वाले दोनों बदमाश भी उनके पीछे ऑफिस में गए, जहां पर एक बदमाश ने उन्हें कहा कि मुझे गजू सिंगडोला कहते हैं, मैं नेछवा थाने का हिस्ट्रीशीटर हूं। आपको टोल चलाना है तो मुझे हर महीने 50 हजार रुपए देने होंगे। इतने दिन से टोल चला रहे हो उसके बदले 2 लाख रुपए दो। मेरी गैंग का कोई भी आदमी टोल पर आकर नाम लेता है तो उससे टोल भी नहीं लोगे। हर महीने मेरा आदमी आएगा उसको 50 हजार रुपए दोगे। वरना, जान से मार दूंगा, गाड़ी की सीट के नीचे हर वक्त पिस्टल रखता हूं। कहना नहीं माना तो जान से मार दूंगा। इसके बाद दोनों बदमाश वहां से चले गए। अब सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सदर थाना एसएचओ इंद्रराज मरोड़िया कर रहे हैं।

हिस्ट्रीशिटर पर इनाम घोषित

उदयपुर, (कासं)। पुलिस महानिरीक्षक उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के निर्देश पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने हिस्ट्रीशिटर नरेश हरिजन पर पचार हजार रूपये इनाम की घोषणा की।

आरोपी नरेश हरिजन पुत्र श्यामलाल हरिजन निवासी नाड़ा खाड़ा सूरजपोल हॉल समतानगर सुखेर को बंदी बनाने एवं करवाने या बंदी बनाने के लिए सही सूचना देने वाले व्यक्ति को पचार हजार रूपये नकद पुरस्कार दिया जावेगा तथा सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जावेगा। नरेश हरिजन के खिलाफ 37 अपराधिक प्रकरण दर्ज होकर पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है। जिला पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में नरेश हरिजन पर 25 हजार रूपये का इनाम घोषित किया था, जिसे महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गोरव श्रीवास्तव ने निरस्त कर पचास हजार रूपये इनाम देने की घोषणा की।

जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया बन रहा है देश का नया मैन्युफैक्चरिंग हब

3600 हैक्टेयर भूमि पर विकसित हो रहा है औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश की सबसे बड़ी औद्योगिक टाऊनशिप बनेगा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा है कि राजस्थान में बड़े औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएं, जो पूर्ण इंडस्ट्रियल टाउनशिप के रूप में उभरें। इन टाउनशिप में मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस के साथ-साथ लॉजिस्टिक, वेयरहाउसिंग तथा सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सभी आवश्यक सहायक सेवाओं का समावेश हो, ताकि ये क्षेत्र अपने आप में आर्थिक विकास के प्रमुख केंद्र बन सकें।

- देखा जाए तो पश्चिमी राजस्थान, अब देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों में उभर रहा है। पचपदरा में शुरू होने जा रही रिफाइनरी, वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर शुरू होने के बाद तथा अमृतसर-जामनगर हाईवे समेत तेजी से बढ़ते लॉजिस्टिक नेटवर्क के कारण यह क्षेत्र वैश्विक निवेशकों की पसंदीदा जगह बनती जा रही है।
- इस औद्योगिक टाउनशिप में भविष्य में कुल 1200 से अधिक इकाइयां स्थापित होने की संभावना है, जिनसे वर्ष 2042 तक लगभग तीन लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

इसी सोच के अनुरूप जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल क्षेत्र लगभग 3600 हैक्टेयर भूमि पर विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र राज्य की सबसे बड़ी औद्योगिक टाउनशिप के रूप में स्थापित होगा और प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। इस औद्योगिक क्षेत्र में बडे पैमाने पर निवेश के साथ-साथ हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे स्थानीय व क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ आधार मिलेगा।

डीएमआईसी परियोजना विकसित करने के लिये राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडर्स डवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड जोकि एक एसपीवी है, का गठन किया गया है जिसमें राजस्थान सरकार की ओर से रीको की 51 प्रतिशत अंशपूंजी है तथा भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारे विकास कार्यान्वयन ट्रस्ट की 49 प्रतिशत अंशपूंजी है।

पश्चिमी राजस्थान अब देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों में उभर रहा है। पचपदरा में शुरू होने जा रही रिफाइनरी, वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर शुरू होने के बाद तथा अमृतसर-जामनगर हाईवे समेत तेजी से बढ़ते लॉजिस्टिक नेटवर्क के कारण यह क्षेत्र वैश्विक निवेशकों की पसंदीदा जगह बनती जा रही है।

यह निवेश क्षेत्र दिल्ली-मुम्बई औद्योगिक कॉरिडोर का सबसे महत्वपूर्ण नोड है। इसकी रणनीतिक लोकेशन ना सिर्फ उद्योगों की स्थापना के लिये लाभकारी है, अपितु राज्य का सबसे बडा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब भी यहां स्थापित होने से लॉजिस्टिक्स एवं सर्विस सेक्टर के लिये यह उपयुक्त क्षेत्र साबित होगा। यहां वर्क टू होम कल्चर के लिये विश्वस्तरीय आधारभूत संरचना विकसित कर आवासीय, वाणिज्यिक एवं रिक्रियेशनल गतिविधियों को अनुमत किया जायेगा ताकि इस औद्योगिक टाउनशिप में काम करने वाले व्यक्तियों को एक ही क्षेत्र में सारी सुविधायें प्राप्त हो सकें।

यह औद्योगिक टाउनशिप जोधपुर-पाली के मध्य स्थित होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्गो से बेहतर तरीके से जुडी हुई है तथा हवाई अड्डा भी मात्र 30 किमी की दूरी पर स्थित होने के कारण यह लोकेशन उद्योगों एवं सर्विस सेक्टर को देश के उत्तर पश्चिम से दक्षिण पश्चिम बाजारों तक तेज कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

लॉजिस्टिक लागत कम करने के लिये तथा कच्चे माल की आपूर्ति एवं तैयार माल की ढुलाई के लिये लूणी रोहट मारवाड जंक्शन रेल लाइन के दोहरीकरण का कार्य रेलवे द्वारा किया जा रहा है जिससे सीधे वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से कनेक्टिविटी हो सकेगी और निर्यात क्षमता बढ़ सकेगी। औद्योगिक टाउनशिप तक सुविधाजनक पहुंच के लिये एनएच-65 पर अंडर व्हीकूलर पास का निर्माण अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है तथा यह मार्च 2026 तक तैयार हो जायेगा जिससे औद्योगिक टाउनशिप तक सरल एवं निर्बाध पहुंच संभव हो सकेगी।

किसी भी निवेश का सबसे बड़ा आधार ऊर्जा एवं जल की निर्बाध आपूर्ति होती है। इस क्षेत्र में स्थापित होने वाली औद्योगिक इकाईयों के लिये सस्ती ऊर्जा महत्वपूर्ण होती है, इसके लिये राज्य में प्रथम बार विद्युत सप्लाई भी रिडको द्वारा ही की जायेगी।

इसके लिये पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 300 करोड़ से अधिक व्यय किये जा रहे हैं। यहां निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 220 केवी की दोहरी लाईन डाली जा रही है तथा उच्च क्षमता के ट्रांसफार्मर्स लगाये जाएंगे। गैस की उपलब्धता के लिये स्पर लाईन डाली जा रही है।

पानी की आपूर्ति के लिये राज्य सरकार द्वारा 54 एमएलडी जल आरक्षित किया गया है जिसकी आपूर्ति राजीव गॉधी लिफ्ट केनाल जोधपुर से की जायेगी। आपूर्ति लाईन के लिये पीएचईडी के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है जो मौके पर जारी है। जल प्रबन्धन के कार्य के लिये लगभग 175 करोड से अधिक व्यय किया जा रहा है।

इस औद्योगिक टाउनशिप में भविष्य में कुल 1200 से अधिक इकाइयां स्थापित होने की संभावना है, जिनसे वर्ष 2042 तक लगभग तीन लाख लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है।

1578 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले फेज-ए में भारत सरकार द्वारा रूपये 922 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसमें रूपये 322.80 करोड़ भारत सरकार की अंश पूंजी के रूप में तथा रूपये 105 करोड़ सॉफ्ट लोन के रूप में उपलब्ध कराया जा रहा है। इस फेज के लिये भूमि रिडको को सौंपी गयी है तथा परियोजना क्रियान्वयन के लिए रूपये 193.60 करोड़ रिडको को भारत सरकार से प्राप्त हो चुके हैं। चरण-बी की अवाप्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा चरण सी के लिये अवाप्ति प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है।

जवाहर सर्किल पार्क में मॉर्निंग वॉक पर पहुंचे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

आमजन से मुलाकात कर सेहत, दिनचर्या और जीवनशैली से जुड़े विषयों पर बातचीत की

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार सुबह जयपुर के जवाहर सर्किल पार्क में मॉर्निंग वॉक किया।

जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार सुबह जयपुर के जवाहर सर्किल पार्क में मॉर्निंग वॉक किया।

उन्होंने 'फिट राजस्थान-फिट इंडिया' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए सभी को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान पार्क में मौजूद लोगों ने भी कदमताल मिलाते हुए मुख्यमंत्री के साथ मॉर्निंग वॉक की। शर्मा ने आत्मीयता के साथ आमजन से मुलाकात की और सेहत, दिनचर्या तथा जीवनशैली से जुड़े विषयों पर बातचीत की। मुख्यमंत्री ने जवाहर सर्किल पार्क स्थित मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इसके बाद उन्होंने जूस पीते हुए आमजन के साथ चर्चा भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर हैप्पीनेस एवं फिटनेस ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'फिट राजस्थान-फिट इंडिया' का दिया संदेश

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने समता और न्याय का जो मार्ग दिखाया है, वह सदैव देश और समाज को प्रगति और सद्भाव की ओर अग्रसर करता रहेगा।

पतंजलि योगपीठ और रूस सरकार के मध्य एमओयू

वैलनेस, योग-आयुर्वेद का रूस में विस्तार, रूस व भारत के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक संबंध तथा स्किल्ड लेबर का आदान-प्रदान करने पर सहमति

नई दिल्ली। पतंजलि समूह तथा रूस सरकार के मध्य दिल्ली में एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए, जिसमें पतंजलि समूह की ओर से स्वामी रामदेव तथा मॉस्को सरकार (रूस) की ओर से भारत-रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूस के वाणिज्य मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा कि यह एमओयू स्वास्थ्य एवं वेलनेस का संवर्धन, स्वास्थ्य पर्यटन, कुशल मानव संसाधन का आदान-प्रदान तथा अनुसंधान आदि विषयों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि रूस में योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा को लोग पसंद करते हैं तथा इनका अनुसरण भी करते हैं। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम हमें ऋषियों की इस वैलनेस विधा को पूरे विश्व के लगभग 200 देशों में पहुँचाना है जिसका एण्ट्री प्वाइंट रूस ही होगा। इस एमओयू के पहला महत्वपूर्ण बिन्दु रूस में पतंजलि की वैलनेस सेवाओं का विस्तार करना है। हम रूस के साथ मिलकर को करने, पर गहन अनुसंधान करेंगे जिससे गम्भीर रोगों का मानव शरीर में आने से वर्षों पहले ही पता किया जा सकेगा। इसका दूसरा बिन्दु भारत के आध्यात्मिक ज्ञान, संस्कृति, योग, आयुर्वेद तथा भारत की अमूल्य धरोहरों से संबंधित ज्ञान को रूस के साथ साझा करना है। इसके लिए हम भारत की संस्कृति तथा ऋषियों की धरोहर को रूस लेकर जाएंगे। एमओयू का तीसरा बिन्दु रूस को भारत के द्वारा स्किल्ड लेबर व कुशल योगी उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत 2 लाख से अधिक लोगों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाला पतंजलि ही एकमात्र प्राइवेट पार्टनर रहा है। हम रूस को कुशल योगी व कुशल श्रमिक उपलब्ध कराएँगे। साथ ही इस एमओयू के तहत भारत के उच्च स्तरीय ब्रांड्स को रूस में तथा रूसी ब्रांड्स को भारत में प्रोमोट करना है। हम विश्वस्तरीय पतंजलि ब्रांड को रशिया लेकर जाएंगे जिससे पतंजलि के गुणवत्तायुक्त उत्पादों का लाभ रूस के नागरिकों को भी मिलेगा।स्वामी रामदेव ने कहा कि भारत और रूस मित्र देश हैं। भारत का रूस से इमोशनल कनेक्ट आजादी से पहले भी था और आज भी है। भारत में लोग रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतीन को एक सशक्त ग्लोबल लीडर के तौर पर पहचानते हैं। उनके शौर्य, वीरता व पराक्रम से पूरा विश्व परिचित है। भारत व रूस की मैत्री से कुछ बड़े लोग खुश नहीं हैं। लेकिन किसी भी परिस्थिति में रशिया भारत का मित्र था, है और रहेगा।

पतंजलि समूह तथा रूस सरकार के मध्य दिल्ली में हुए समझौता ज्ञापन पर स्वामी रामदेव तथा मॉस्को सरकार (रूस) की ओर से भारत-रूस व्यापार परिषद के अध्यक्ष एवं रूस के वाणिज्य मंत्री सर्गेई चेरेमिन ने हस्ताक्षर किए।

- आध्यात्मिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से भारत और रशिया एक-दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे : स्वामी रामदेव
- पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे : सर्गेई चेरेमिन

आध्यात्मिक, धार्मिक, आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक दृष्टि से भारत व रशिया एक दूसरे के अभिन्न मित्र देश हैं और रहेंगे।

इस अवसर पर सर्गेई चेरेमिन ने कहा कि हम पतंजलि के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि के योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ लेकर हम रूस के लोगों की जीवनशैली परिवर्तित करेंगे और उन्हें निरोगी बनाएंगे।

राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र जनवरी के आखिर में बुलाने की तैयारी

राज्यपाल के अभिभाषण से होगी सत्र की शुरुआत, बजट फरवरी में होगा पेश

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र जनवरी के अंत में बुलाने की तैयारी शुरू हो गई है। सरकार के संकेतों के अनुसार राज्य का वार्षिक बजट फरवरी में पेश किया जाएगा, हालांकि बजट पेश करने की सटीक तारीख बाद में तय होगी। सत्र की शुरुआत परंपरा के अनुसार राज्यपाल के अभिभाषण से होगी, जिसके लिए सभी विभागों ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

कैबिनेट सचिवालय ने सभी विभागों को राज्यपाल के अभिभाषण में शामिल होने वाली प्रमुख योजनाओं, उपलब्धियों और महत्वपूर्ण कार्यों का विस्तृत ब्योरा 26 दिसंबर तक भेजने के निर्देश दिए हैं। पिछले कुछ वर्षों की तरह इस बार भी बजट सत्र जनवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू होने की संभावना है।

- आंकड़ों में गलती न हो, इसके लिए विभागों को सख्त निर्देश

अभिभाषण के आंकड़ों को लेकर पहले भी विवाद उठते रहे हैं-चाहे कांग्रेस सरकार हो या भाजपा की। इसी कारण इस बार कैबिनेट सचिवालय ने विशेष निर्देश जारी किए हैं कि विकास योजनाओं में किए गए खर्च और अन्य महत्वपूर्ण आंकड़ों को अंकों के साथ-साथ शब्दों में भी भेजा जाए ताकि किसी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश न रहेराज्यपाल के अभिभाषण को फाइनल करने के लिए शीघ्र ही वरिष्ठ मंत्रियों की एक कैबिनेट सब कमेटी गठित की जाएगी।

यह समिति सभी विभागों से प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा करेगी और अभिभाषण में शामिल किए जाने वाले मुख्य बिंदुओं को अंतिम रूप देगी। बजट सत्र बुलाने के लिए राज्य सरकार जल्द ही राज्यपाल के पास औपचारिक प्रस्ताव भेजेगी।

प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद विधानसभा सत्र बुलाने की अधिसूचना जारी की जाएगी। सत्र की अंतिम तारीख राज्यपाल की स्वीकृति से तय होगी।

वन सेवा के अधिकारी पर फर्जी दिव्यांगता का आरोप

राजस्थान हाईकोर्ट ने वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, यूपीएससी सचिव, पीसीसीएफ और डीओपी सचिव सहित आरएफएस अधिकारी जगदीप सिंह से जवाब मांगा

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट में राजस्थान वन सेवा के अधिकारी पर सेवाकाल के दौरान सिस्टम का दुरुपयोग कर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र हासिल करने और उसके आधार पर पहले सलेक्शन स्केल का लाभ और अब आईएफएस पद पर होने वाली पदोन्नित में इसका लाभ मिलने का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की गई है। जिस पर अदालत ने वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, यूपीएससी सचिव, पीसीसीएफ और डीओपी सचिव सहित आरएफएस अधिकारी जगदीप सिंह से जवाब मांगा है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश आरएफएस अधिकारी सरिता कुमारी व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता तनवीर अहमद ने अदालत को बताया कि जगदीप सिंह का राजस्थान वन सेवा के अधिकारी के पद पर सामान्य तौर पर चयन हुआ था। उसके पास चालीस फीसदी या अधिक की बेंचमार्क दिव्यांगता भी नहीं है। याचिका में आरोप लगाया गया कि अरण्य भवन में तैनाती के दौरान उन्होंने सिस्टम का दुरुपयोग कर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवा लिया। याचिकाकर्ता वरिष्ठता सूची में जगदीप सिंह से ऊपर हैं, लेकिन दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर उन्हें याचिकाकर्ताओं से पहले सिलेक्शन स्केल का लाभ दिया गया। वहीं अब उन्हें इसी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर भारतीय वन सेवा में पदोन्नित में लाभ दिया जा सकता है। याचिका में कहा गया फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्रों को लेकर एसओजी में कई प्रकरण दर्ज है और राज्य सरकार भी संदिग्ध अधिकारियों की दिव्यांगता का पुनः परीक्षण करा रही है। इसके बावजूद जगदीप सिंह की दिव्यांगता को लेकर कोई जांच नहीं की गई। आरएफएस से आईएसएफ पद पर पदोन्नित के लिए जल्दी ही पदोन्नित बोर्ड की बैठक होने वाली है। उसमें भी जगदीप सिंह को दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर याचिकाकर्ताओं से ऊपर माना जाएगा। ऐसे में राज्य सरकार पहले जगदीप सिंह की दिव्यांगता की जांच की जाए और उसके बाद ही डीपीसी बोर्ड की बैठक बुलाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

संविदा भर्ती नियमों को अनदेखा कर कर्मचारी को हटाने वाले आदेश पर रोक

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने संविदा भर्ती नियम की अवहेलना कर चिकित्सा विभाग के संविदा कर्मी को हटाने वाले आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में चिकित्सा सचिव और स्वास्थ्य निदेशक सहित संबंधित सीएमएचओ से जवाब तलब किया है। जस्टिस मुनेरी लक्ष्मण की एकलपीठ ने यह आदेश मोहम्मद फैसल खान पठान की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता साल 2016 में मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना में स्वास्थ्य मार्गदर्शक के पद पर संविदा पर लगा था। गत 29 सितंबर को संबंधित प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने शिकायत के आधार पर याचिकाकर्ता की सेवा समाप्त कर दी। इसे चुनौती देते हुए कहा गया कि वह राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के माध्यम से नियुक्त हुआ था और संविदा भर्ती नियम के तहत पांच साल की सेवा के बाद नियमित होने का अधिकारी हो गया था। इसके बावजूद उसे झूठी शिकायत पर सेवा से अलग कर दिया गया। जबकि संविदा भर्ती नियम के नियम 18 के तहत किसी संविदा कर्मी के खिलाफ यदि कोई आरोप सिद्ध होता है तो उसे सेवा से हटाया जा सकता है, लेकिन इससे पूर्व उसे सुनवाई का पूरा अवसर दिया जाएगा। याचिकाकर्ता को काम के प्रति लापरवाही बरतने और उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना का आरोप लगाकर सेवा से हटाया गया है, लेकिन इससे पूर्व उसे सुनवाई का कोई मौका नहीं दिया गया। ऐसे में उसे सेवा से हटाने के आदेश को अवैध घोषित कर निरस्त किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को सेवा से हटाने के आदेश पर अंतरिम रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

आरक्षण के मुद्दे पर प्रदर्शन को लेकर दर्ज एफआईआर की जांच की मॉनिटरिंग करें डीएसपी

जयपुर (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने करीब ढाई साल पहले भरतपुर में सैनी समाज को आरक्षण के मुद्दे पर हो रहे प्रदर्शन को लेकर दर्ज एफआईआर की जांच की मॉनिटरिंग स्थानीय पुलिस उप अधीक्षक को सौंपी है।

वहीं अदालत ने जांच अधिकारी को कहा है कि वह प्रकरण की जांच करे और यदि जांच में याचिकाकर्ता दोषी पाए जाए तो उसे नोटिस देकर विधि अनुसार आगे की कार्रवाई करे। जस्टिस अनूप कुमार ने यह आदेश नवल व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता वेदप्रकाश सैनी ने अदालत को बताया कि भरतपुर के वैर में 21 अप्रैल, 2023 को सैनी समाज को आरक्षण देने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा था। घटना को लेकर पुलिस ने 22 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। इसमें याचिकाकर्ता को भी बतौर आरोपी शामिल कर लिया गया।

याचिका में कहा गया कि वह छात्र है और मौके पर मौजूद ही नहीं था। पुलिस ने उसे मामले में गलत तरीके से फंसा दिया है। याचिकाकर्ता ने इस संबंध में जांच अधिकारी को अभ्यावेदन भी दिया, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।

याचिका का विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि घटना को लेकर हुई शिनाख्त परेड से साबित है कि याचिकाकर्ता मौके पर ही मौजूद था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने मामले में जांच अधिकारी को निर्देश देते हुए डीएसपी को प्रकरण की मॉनिटरिंग करने को कहा है।

फ्लाइट्स रद्द होने से जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान घूमते रहे यात्री

जयपुर। इंडिगो एयरलाइंस की 17 फ्लाइट्स रद्द होने के कारण शनिवार को जयपुर एयरपोर्ट पर पहुंचे यात्री परेशान घूमते रहे। कई टूरिस्ट ग्रुप भी अटक गए। एयरपोर्ट काउंटर पर सुबह से लंबी लाइनें लगी रही। लोगों का कहना था कि पहले शुक्रवार को फ्लाइट कैंसिल हुई, फिर मैसेज आया कि आज फ्लाइट जाएगी। हम सामान लेकर एयरपोर्ट पहुंचे तो जवाब मिला कि आज की फ्लाइट भी रद्द हो गयी है। अब कह रहे हैं कि बस से दिल्ली चले जाओ। इससे नाराज होकर यात्रियों ने हंगामा भी किया। ज्ञात रहे कि जयपुर से बीते 6 दिन में 81 फ्लाइट कैंसिल हो चुकी हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट की है। लगातार कैंसिल फ्लाइट के कारण जयपुर-मुंबई रूट पर दूसरी एयरलाइंस ने किराया बढ़ा दिया है। शनिवार को मुंबई के लिए किसी भी फ्लाइट में सीट उपलब्ध नहीं थी। रविवार को स्पाइसजेट की दोनों उडानों शाम 6:15 बजे और रात 11:20 बजे का किराया बढ़कर 37 हजार 977 रुपए तक पहुंच गया।

